## खबर संक्षेप



### जैन मंदिर के सामने से स्कूटी ले गया बदमाश

**कटनी**। कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले जैन मंदिर के सामने से एक चोर स्कूटी लेकर रफू चक्कर हो गया। चोरी की पूरी घटना आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। चोरी का वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो के आधार पर कोतवाली पुलिस चोर की पहचान कर उसे पकड़ने का प्रयास कर रही है। जानकारी के मुताबिक कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत एक युवक शुक्रवार सुबह हमेशा की तरह अपनी स्कूटी से जैन कांच मंदिर में दर्शन करने के लिए आया था। मंदिर के सामने जब स्कूटी खड़ी करके वह अंदर दर्शन करने चला गया, इसी दौरान एक अज्ञात चोर आया और मौके का फायदा उठाते हुए उसकी स्कूटी लेकर चंपत हो गया। चोरी की यह वारदात पास ही लगे कैमरे में कैद हो गई। हैरानी की बात तो यह है कि चोर ने ना तो नकाब लगा रखा था और ना ही अपनी पहचान छुपाने का उसने किसी तरह कोई प्रयास किया। बड़े इत्मीनान से उसने चोरी की घटना को अंजाम दिया और स्कूटी लेकर वहां से नौ दो ग्यारह हो गया। कोतवाली पुलिस अब वीडियो के आधार पर चोर का पता लगाने का प्रयास कर रही है।

### निगमायुक्त ने वसूली कर्ताओं को दी हिदायत

**कटनी**। नगर निगम आयुक्त विनोद कुमार शुक्ल द्वारा निगम सीमांतर्गत वार्ड क्रमांक 1 से 45 तक के समस्त वसूली कर्ताओं को आदेश जारी कर सख्त हिदायत देते हुए निर्देशित किया गया है कि वित्तीय वर्ष 2023-24 तथा वर्तमान वित्तीय वर्ष में अपने वार्ड अंतर्गत निर्धारित दरों से हाथ ठेला,फेरी वाले, रेहड़ी वालों से पंजीयन/वार्षिक/ अर्द्धवार्षिक बाजार बैठकी शुल्क वसूल कर निगम कोष में नियमानुसार जमा करावे साथ ही बाजार बैठकी की पंजी का भी विधिवत्त संधारण करें, किसी भी प्रकार की अप्रिय कार्यवाही से बचने हेतु उक्त कार्य समय सीमा में पूर्ण करते हुए रिपोर्ट प्रस्तुत करें। उक्त कार्य में लापरवाही तथा अरुचि दिखाने की स्थिति में संबंधित वैधानिक कार्यवाही हेतु तैयार रहे। निगमायुक्त द्वारा समस्त संबंधित जन साधारण से उक्त कार्य में सहयोग करने की अपील की है।

### बैठक में कार्यवाही एवं कार्यों की ली जानकारी



**कटनी**। निगमायुक्त विनोद कुमार शुक्ल द्वारा निगम के अधिकारियों कर्मचरियों साथ समीक्षा बैठक लेते हुए विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई।बैठक के दौरान मुख्य रूप से कबाड़ में आगजनी की घटनाओं को रोकने हेतु आवश्यक कार्यवाही, विभिन्न संस्थान जैसे मैरिज गार्डन, रेस्टोरेंट आदि के द्वारा फायर सेफ्टी हेतु वैधानिक उपाय एवम पालन नहीं करने वाले प्रतिष्ठानों के विरुद्ध की गई कार्यवाही, ग्रीष्मकाल में पेयजल आपूर्ति हेतु की गई कार्यवाही एवं पूर्व से संचालित विभिन्न कार्यों के संदर्भ में विस्तृत चर्चा की गई । उक्त सभी बिंदुओं के संबंध में श्री शुक्ल द्वारा संबंधित अधिकारियों से जानकारी लेते हुए कार्य योजना बनाकर कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिए गए साथ ही नगर निगम सीमांतर्गत चल रहे निर्माणाधीन कार्य जो कि वर्षा ऋतु में प्रभावित होने संभावित है समयमीमा में पूर्ण करने के भी निर्देश दिए गए ।उक्त बैठक के दौरान प्र.कार्यपालन यंत्री के पी शर्मा, सुधीर मिश्रा, सहायक यंत्री सुनील सिंह, आदेश जैन, प्र.फायर नियंत्रण अधिकारी अरविंद प्यासी, उपयंत्री अश्वनी पांडेय,मृदुल श्रीवास्तव,कार्यालय अधीक्षक नागेंद्र पटेल निगम के अन्य संबंधित अधिकारी कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

### रेलवे स्टेशन एवं आउटर्स में आकस्मिक चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

# जीआरपी ने पकड़े तीन शातिर बदमाश पांच लाख के जेवरात किये गये बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कटनी





जीआरपी ने तीन शातिर चोरो को गिरफ्तार किया है। बदमाशों के पास से लाखों के सोने चांदी के जेवरात बरामद किया गया है। जीआरपी प्रभारी अरूणा वाहने ने मातहत कर्मचारियों के साथ तीन शातिर चोरों को पकड़ने में सफलता प्राप्त की है। जानकारी देते हुए जीआरपी थाना प्रभारी अरुणा वाहने ने बताया कि लोकसभा निवार्चन 2024 को दृष्टिगत रखते हुये गत 2-3 मई की दरमियानी रात रेलवे स्टेशनों एवं आउटर्स की आकस्मिक चेकिंग की जा रही थी।

रात्रि गस्त करते समय रेलवे स्टेशन कटनी साऊथ आऊटर के पास थाने के निगरानी बदमाश को दो अन्य पूर्व के अपराधियों के साथ संदिग्ध हालत में घूमते देखा गया। जिन्हे थाना लाकर बारीकी से पूछताछ की गयी तो तीनो ने सात माह पूर्व 7 अक्तूबर 23 को सारनाथ एक्स. के एसी कोच में वाराणसी से रायपुर की यात्रा कर रही स्वाति सिंह का लेडीज पर्स चोरी करना स्वीकार किया। चोरी गए पर्स में सोने चाँदी के जेवरात कुल कीमती 5 लाख रु. रखे हुये थे। उन्होंने एक अन्य व्यक्ति के साथ मिलकर चोरी करना स्वीकार किया व चोरी किये जेवरातो में से दो जोड कान का लटकन, एक जोड चाँदी की पायल, एक जोड चाँदी की बिछिया, एक जोड सोने का टाप्स, एक जोड कान का सोने का झुमका, एक मंगल सूत्र सोने का, चार सोने की अगूठी कुल कीमती 3 लाख 87 हजार 530 रु. का तीनो आरोपियो के कब्जे से जप्त किया गया हैं। इस मामले का एक अन्य आरोपी फरार हैं। अन्य मामले में 13 फरवरी 24 को ट्रेन अहमदाबाद गोरखपुर एक्स. में यात्रा कर रहे फरियादी श्याम पासवान का एक बैग जिसके अंदर सोने चाँदी के जेवरात कुल कीमती 90 हजार रु. का चोरी करना स्वीकार किया। जिसका मसरुका आरोपी के कब्जे से जप्त किया गया। इसी तरह 22 मार्च 24 को ट्रेन 01471 पुणे दानापुर एक्स. से यात्रा कर रही फरियादिया नाजमा खातून का लेडीज पर्स जिसमें सोने की एक जोड बाली व नगदी 5 हजार रु. चोरी करना स्वीकार किये जाने पर आरोपी के कब्जे से सोने की बाली कीमती 14 हजार 500 रु. का जप्त किया गया हैं। आरोपियो के पास से कुल 4 लाख 91 हजार 580 रूपये का मशरुका बरामद किया गया। आरोपियो को गिरफ्तार कर मामलो के माल बरामद करने में लगे अधिकारी, कर्मचारियो को पुलिस अधीक्षक द्वारा नगद ईनाम से पुरुष्कृत करने की घोषणा की गयी हैं।

उक्त प्रकरण में राहुल पिता प्रताप सिंह गौंड 28 साल निवासी भीमराव चौक झर्राटिकुरिया थाना रंगनाथ नगर जिला कटनी, सौरभ उर्फ कुल्हाडा पिता स्व बलराम परिहार 24 साल निवासी ग्राम रजवई थाना मझौली जिला जबलपुर, राजू उर्फ रंजीत पिता प्रताप सिंह गौंड 27 साल निवासी मस्जिद के पीछे झर्राटिकुरिया थाना रंगनाथ नगर जिला कटनी को गिरफ्तार किया गया।

कार्रवाई में निरीक्षक अरूणा वाहने, उप निरीक्षक अनिल मरावी, उनि अजय सिंह, स.उ.नि. एल.पी. झारिया, स.उ.नि. निर्दोष टोप्पो, प्र.आर. मनोज मिश्रा, प्र.आर. राघवेन्द्र शर्मा, प्र.आर. सागर उपाध्याय, प्र.आर. रवि माझी, आर. प्रवीण तिवारी, आर. सरफराज खान, आर. नारायण मिश्रा, आर. सुनील परस्ते, आर. शिवेन्द्र सिंह, आर. मुकेश पाण्डेय, आर, अंकित यादव, आर. घनश्याम दीक्षित, आर. शोयब अब्बासी, आर. नवाब सिंह की अहम भूमिका रही।



# कलेक्टर ने विभिन्न शाखाओं का किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कटनी

कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा शुक्रवार प्रातः 11 बजे कलेक्ट्रेट कार्यालय की आवक शाखा, जावक शाखा, प्रपत्र शाखा, नकल शाखा सहित अन्य शाखाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यालय की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और आवश्यक दिशा- निर्देश दिये।

निरीक्षण के दौरान संयुक्त कलेक्टर संस्कृति शर्मा, डिप्टी कलेक्टर विवेक गुप्ता, प्रमोद चतुर्वेदी, कार्यालय अधीक्षक प्रमोद श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारियों की उपस्थिति रही।

आवक शाखा के निरीक्षण के दौरान डाकों का वितरण नहीं होना पाये जानें पर डाक की तामीली तत्काल कराये जानें की हिदायत देते हुए रोजाना प्राप्त होनें वाली डाक की तामीली संबंधित विभाग को उसी दिन करानें के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान वर्ष 2013 के दस्तावेजों के बस्तों का अभिलेख संधारित करते हुए रिकार्ड रूम में जमा कराने हेतु निर्देशित किया गया।

कलेक्टर श्री प्रसाद ने जावक शाखा के निरीक्षण के दौरान शाखा मे स्थानीय डाकपेड एवं तहसीलों से संबंधित डाकपेड के निरीक्षण के दौरान डाक निर्धारित समय पर वितरित न होने पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने लंबित सभी डाकों को शीध्र वितरित कराने के निर्देश विभागीय लिपिकों को दिए। प्रपत्र शाखा के निरीक्षण के दौरान पुरानें बस्ते रखे पाये जाने पर प्रभारी एवं लिपिक को पुरानें बस्तों को रिकार्ड रूम में संधारित करानें की नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया।

कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा नकल शाखा के निरीक्षण के दौरान लोक सेवा गारंटी के प्राप्त आवेदनों की निराकरण प्रक्रिया की जांच करते हुए प्राप्त आवेदनों के वितरण तक की विधिवत पंजी संधारित करने के निर्देश प्रभारी अधिकारी एवं लिपिक को दिए।

### उमरियापान थाना क्षेत्र के ग्राम परसेल में हुई वारदात

# खेत में पार्टी के दौरान हुआ वाद विवाद, चाचा ने भतीजे पर किया जानलेवा हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कटनी



उमरियापान थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम परसेल में एक चाचा ने अपने भतीजे पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। बताया जाता है कि दोनो साथ बैठकर शराब और मुर्गे की पार्टी कर रहे थे इसी बीच चाचा व भतीजे के बीच किसी बात को लेकर विवाद इतना गहरा हो गया कि दोनों हांथापाई पर उतारू हो गए। इसी बीच पास रखी कुल्हाड़ी उठाकर चाचा ने भतीजे के सिर में घातक प्रहार कर दिया। कुल्हाड़ी से सिर में जोरदार प्रहार किए जाने के कारण भतीजे की हालत नाजुक बनी हुई है। घटना के बाद उसे इलाज के लिए उमरियापान सरकारी अस्पताल ले जाया गया जहां पर उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे शासकीय जिला अस्पताल कटनी रेफर कर दिया गया।

उमरिया पान थाना प्रभारी सिद्धार्थ राय ने बताया कि शुक्रवार की दोपहर लगभग 12 बजे थानाक्षेत्र के ग्राम परसेल का रहने वाला 25 वर्षीय सोनू आदिवासी घर पर अकेला था। परिवार के लोग किसी काम से गांव से बाहर गए हुए थे। किसी बीच उसका चाचा लगभग 50 वर्षीय बद्री कोल वहां आया और भतीजे को घर में अकेला पाकर कहा चलो खेत चलें वहीं पर मुर्गा बनाकर पार्टी करेंगे। खेत में पार्टी करते हुए दोनों के बीच किसी बात को लेकर कहा सुनी हो गई।

विवाद इतना गर्मा गया की दोनों के बीच हाथापाई की नौबत आ गई। इसी दौरान चाचा बद्री ने कुल्हाड़ी से भतीजे सोनू के सर में घातक प्रहार कर दिया। कुल्हाड़ी के प्रहार से भतीजा गंभीर रूप से जख्मी हो गया। पुलिस ने घायल के प्राथमिक बयान के आधार पर आरोपी चाचा के खिलाफ धारा 307 294 के तहत प्रकरण दर्ज अग्रिम कार्रवाई प्रारंभ कर दी है।

### विद्यार्थियों को दिया गया स्वरोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण



शासकीय महाविद्यालय सिलौंडी में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के तहत स्वरोजगारोन्मुखी 30 दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम को उद्यमिता विकास केंद्र कटनी के द्वारा संपन्न कराया गया जिसमें 42 छात्र छात्राओं की निरंतर सहभागिता रही एवं प्रशिक्षण पूर्ण किया जिनके लिए संस्था द्वारा प्रशिक्षण प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा जो विभिन्न नौकरियों में सहायक सिद्ध होगा उक्त प्रशिक्षण प्राचार्य रतिराम अहिरवार के मार्गदर्शन में प्रकोष्ठ प्रभारी डॉक्टर अंकुर ओमर के द्वारा संचालित कराया गया जो उद्यमिता विकास केंद्र के द्वारा उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम करवाया गया। प्रशिक्षण समन्वयक शकील अहमद चौधरी, सत्येंद्र सिंह राजपूत, डॉ हेमंत चौरसिया, नवीन कालबांधे, पंकज मिश्रा, रविता सिंह, चंदन यादव, नीता मिश्रा, श्रीमती रश्मि सिंह, लक्ष्मी प्रसाद बागरी, भूपेंद्र कुमार शुक्ला का सहयोग रहा।

# जिले के 27 हाई स्कूलों मे इसी सत्र से शुरू होगी प्री -प्रायमरी शिक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कटनी

जिले मे समग्र शिक्षा की वार्षिक कार्ययोजना के अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2024-25 में जिले के 27 विद्यालयों में पूर्व प्राथमिक कक्षाएं प्रारंभ की जायेंगी। चयनित विद्यालयों में पूर्व प्राथमिक कक्षाओं का संचालन 15 जून से प्रारंभ किया जाना है। इन चयनित 27 विद्यालयों में पूर्व प्राथमिक कक्षाएं जो संचालित की जायेंगी उनमें नर्सरी कक्षा के लिए बच्चे की आयु 3 से 4 वर्ष तथा के.जी.-1 के लिए आयु 4 से 5 वर्ष और के.जी. -2 के लिए आयु 5 से 6 वर्ष होगी।

विकासखण्ड बड़वारा के चार स्कूलो में पूर्व प्राथमिक कक्षांए प्रारंभ होगी। उनमें शासकीय हायर सेकेन्ड्री स्कूल बिचपुरा, शासकीय हाई स्कूल नवीन बुजबुजा, शासकीय हाई स्कूल नवीन लुरमी व शासकीय प्राथमिक शाला कुंआ शामिल है। इसी प्रकार बहोरीबंद के चार स्कूलों मे जहां पूर्व माध्यमिक कक्षांए प्रारंभ होनी है उनमे शासकीय हायर सेकेन्ड्री स्कूल पौंडी, शासकीय हाई स्कूल खम्हरिया एवं शासकीय हाई स्कूल पाकर और शासकीय हाई स्कूल सलैया फाटक शामिल है। वहीं कटनी विकासखण्ड के दो स्कूलों शासकीय हाई स्कूल चाका और शासकीय हाई स्कूल देवरा खुर्द में पूर्व प्राथमिक कक्षाएं संचालित होंगी।

ढीमरखेड़ा के शासकीय हाई स्कूल बिछुआ, शासकीय हाई स्कूल गनियारी, शासकीय हाई स्कूल गोपालपुर, शासकीय हाई स्कूल झिर्री, शासकीय हाई स्कूल महगवां, शासकीय हाई स्कूल पिंडरई और हाई स्कूल पिपरिया में पूर्व प्राथमिक कक्षायें शुरू होंगी। विजयराघवगढ़ विकासखण्ड मे हाई स्कूल चरी, शासकीय हाई स्कूल खलवारा बाजार, शासकीय हाई स्कूल मोहास नंबर 1, शासकीय हाई स्कूल सुरमा, शासकीय माध्यमिक शाला चपना और नवीन माध्यमिक शाला रजरवारा में पूर्व प्राथमिक शाला प्रारंभ की जायेगी। रीठी के शासकीय हाई स्कूल वसुधा, हाई स्कूल घुदहरी, हाई स्कूल करहैया और हाई स्कूल पटौंहा मे पूर्व प्राथमिक शाला प्रारंभ होंगी।

### मानकों के अनुसार तालाब निर्माण नहीं होने पर नोटिस जारी

# सरपंच, सचिव व अधिकारियों से होगी 10 लाख रुपए से अधिक की वसूली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कटनी



जिला पंचायत के सीईओ और विहित प्राधिकारी शिशिर गेमावत ने जनपद पंचायत बहोरीबंद की ग्राम पंचायत लखनवारा में निर्मित अमृत सरोवर डूंगरहाई तालाब के निर्माण में तकनीकी मानदंडों का पालन नहीं कर अनुपयोगी स्थल चयन व निर्माण कर वित्तीय अनियमितता बरतने के फलस्वरूप 10,58,749 रुपए की वसूली के नोटिस निर्माण एजेंसी और तकनीकी अधिकारियों को जारी किए है।

उल्लेखनीय है कि उपसंचालक पंचायत राज संचालनालय भोपाल ने भ्रमण के दौरान विकासखंड बहोरीबंद की ग्राम पंचायत लखनवारा में निर्माणाधीन अमृत सरोवर तालाब का निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान असंतोष जनक स्थल चयन सहित मेढ़ की लंबाई, खुदाई पटल के कट ऑफ से नीचे,पानी की आवक सही नहीं होने आदि कार्यों का तकनीकी मापदंडों के अनुरूप कराया जाना नहीं पाया था। आपको बता दें कि डूंगरहाई तालाब निर्माण हेतु मनरेगा और 15वां वित्त के अभिसरण से 14.90 लाख रुपए राशि स्वीकृत हुई थी।

#### मापदंडों का पालन नहीं

निरीक्षण के उपरांत निर्माण एजेंसी और तकनीकी अधिकारियों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किए जाने पर समाधान कारक जवाब नहीं मिला था। फलस्वरुप ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के कार्यपालन यंत्री से प्राप्त प्रतिवेदन में डूंगरहाई तालाब का निर्माण तकनीकी मापदंडों का पालन करते हुए नहीं पाया गया।

#### इनसे होगी वसूली

जिला पंचायत के सीईओ एवं विहित प्राधिकारी श्री गेमावत ने ग्राम पंचायत लखनवारा के तत्कालीन सरपंच अंजना जायसवाल, सुखचैन बाई राजपाल सरपंच, महेंद्र कुशवाहा सचिव, परमेश्वर दयाल कुशवाहा ग्राम रोजगार सहायक और तत्कालीन प्रभारी सचिव, आरके जैन और सुरेंद्र पांडेय तत्कालीन सहायक यंत्री, एमके कौशल तत्कालीन उपयंत्री और चेतन सोनी उपयंत्री को मध्यप्रदेश पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम 1993 की धारा 89 के तहत नोटिस जारी कर 10 मई को समक्ष में उपस्थित होकर जवाब और दस्तावेज प्रस्तुत करने को कहा है। जारी नोटिस के अनुसार अनुपस्थिति की दशा में सभी से 10,58,749 रुपए राशि वसूली की एक पक्षीय कार्रवाई समानुपातिक रूप से की जाएगी।

### विभागीय योजनाओं में प्रगति लाने कर्मचारियों को दिये निर्देश

# 7 पंचायतों में आवास कार्यों में लापरवाही, वेतन कटौती का नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कटनी



जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत के निर्देश पर विभागीय योजनाओं में प्रगति लाने जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा और रीठी में समीक्षा बैठकों का आयोजन हुआ। उल्लेखनीय है की गत दिवस गुरुवार को जिला पंचायत के सीईओ श्री गेमावत ने जिला पंचायत में समस्त जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों की मौजूदगी में समीक्षा बैठक कर विभागीय योजनाओं में प्रगति लाने हेतु आवश्यक निर्देश दिए थे।

समीक्षा बैठक में 15वें वित्त और मनरेगा सहित अन्य योजनाओं के अपूर्ण कार्य गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराए जाने के निर्देश ग्राम पंचायतों के सचिव,ग्राम रोजगार सहायक और उपयंत्रियों को जनपद पंचायतों के सीईओ यजुवेंद्र कोरी और चंदू लाल पनिका ने दिए। जनपद पंचायतों के सीईओ ने पूर्ण हो गए कार्यों की सीसी जारी करने हेतु भी निर्देशित किया । उन्होंने मनरेगा योजना के अंतर्गत श्रमिक नियोजन में वृद्धि, आधार आधारित भुगतान, डीएमएफ मद से स्वीकृत कार्य, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अपूर्ण आवासों की समीक्षा, सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों के निराकरण, ग्रीष्म काल में पेयजल की उपलब्धता, एसबीएम एवं अन्य विषयों पर विस्तार से समीक्षा कर ग्राम पंचायत को योजनाओं में प्रगति लाने आवश्यक निर्देश दिए।

सीईओ श्री कोरी ने जनमन आवास योजना अंतर्गत ग्राम पंचायत कोठी, कचनारी, पाली, सगोना, झिन्ना पिपरिया, खंदवारा, झिर्री क्रो तीन माह व्यतीत हो के बाद भी आवास पूर्ण नहीं होने ग्राम पंचायत क्रो नोटिस जारी कर 30 मई तक समस्त 3 किस्त प्राप्त 33 आवासों क्रो पूर्ण करने का लक्ष्य दिया एवं लक्ष्य पूरा नहीं होने पर माह मई मे कार्य नहीं वेतन नहीं के आधार पर वेतन कटौती का नोटिस जारी किया। बैठकों में सहायक यंत्री, उपयंत्री, पीसीओ,एपीओ भागीरथ पटेल, दीपक राहंगडाले, संतोष पाठक एवं अन्य अधिकारियों कर्मचारियों की मौजूदगी रही।

# रक्तदान शिविर आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कटनी

जिला न्यायालय परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन शनिवार चार मई को किया गया है। रत्नेश चंद्र सिंह बिसेन ने जानकारी देते हुए बताया कि मुख्य संरक्षक महोदय के निर्देशानुसार न्यायालय विधिक सेवा समितियों एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों द्वारा स्वास्थ्य विभाग, जिला प्रशासन एवं एन.जी.ओ के सहयोग के 4 मई को न्यायालय परिसर में रक्तदान शिविर आयोजित किया जायेगा। रक्तदान शिविर में न्यायाधीशगण, अधिवक्तागण, जिला न्यायालय एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारीगण, पैरालीगल वालेंटियर्स, महाविद्यालयों के छात्रगणों का सहयोग करने का आव्हान किया गया है। डिप्टी कलेक्टर द्वारा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा सिविल सर्जन को रक्तदान जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर में 4 मई को आयोजित होने वाले रक्तदान शिविर संबधी संपूर्ण व्यवस्थांए पूर्ण कराने हेतु निर्देशित किया गया है। इसके साथ ही रक्तदान शिविर में सिविल कोर्ट कटनी के न्यायाधीशगण, अधिवक्तागण, जिला न्यायालय एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारीगण, पैरालीगल वालेंटियर्स, महाविद्यालयों के छात्रगणों एवं समस्त एन.जी.ओ संस्थानों को आमंत्रित करने के निर्देश दिए गए है।

सिविल सर्जन डॉ यशवंत वर्मा ने 8 स्वास्थ्य कर्मियों की डयूटी जिला न्यायालय परिसर के रक्तदान शिविर में लगाई है। जिसमें पैथालाजिस्ट डॉ बबिता खगार, लैब टेक्नीशियन क्रमशः जया वर्मा, हरिलाल और प्रतिभा करमा और नर्सिंग आफीसर प्रियंका राव, लैब अस्सिटेंट रमाकांत दुबे, काउंसलर सविता सहगल की डयूटी लगाई गई है।

## खबर संक्षेप



### खिरहनी ब्रिज के ऊपर कार में भड़क उठी आग

**कटनी।** खिरहनी ओवर ब्रिज में एक कार में अचानक आग लग गई। आग की तेज लपटें उठने लगी। आग बढ़ती देख कार में सवार पांच लोग नीचे उतर कर दूर जा खड़े हुए। चंद मिनट में ही कार पूरी तरह जलकर खाक हो गई। जानकारी के मुताबिक कार क्रमांक एमपी 50 सी 3822 का चालक बरही से कुछ लोगों को लेकर जबलपुर जा रहा था। कार मालिक का नाम अनुराग गुंटीवार बताया जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक कार जब कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत खिरहनी ओवर ब्रिज पर चढ़ने लगी उसी समय कार में अचानक आग लग गई। आग की लपटे कार से उठती देख चालक ने तत्परता दिखाते हुए कार खड़ी कर दी और सभी लोगों को सुरक्षित बाहर निकलवा दिया। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना दमकल विभाग को भी दी, लेकिन जब तक दमकल विभाग के कर्मचारी कार में लगी आग पर काबू पाते तब तक आग ने कार को जलाकर खाक कर दिया।

### आयुक्त ने माई नदी पुनर्जीवन कार्य का किया औचक निरीक्षण



**कटनी।** इन दिनों माई नदी /सिमरार नदी को पुनः जीवन प्रदाय करने जिला प्रशासन,नगर निगम व आमजनों के द्वारा एक विशेष अभियान चला कर माई नदी को फिर से जीवन देने का कार्य 1 मई 2024 से शुरू किया गया है। इसी क्रम में शुक्रवार को निगम आयुक्त विनोद कुमार शुक्ल द्वारा माई नदी पुनर्जीवन हेतु चल रहे कार्य का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान निगम आयुक्त द्वारा अब तक की गई कार्यवाही की जानकारी लेते हुए कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिए गए। उक्त कार्य लगभग 1 माह तक चलाया जावेगा।

### कलेक्टर के निर्देश विद्युत समस्या का हुआ निदान

**कटनी।** विभिन्न माध्यमों से विद्युत आपूर्ति बाधित होने संबधी शिकायत प्राप्त होने पर कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा शिकायतों को तत्काल संज्ञान में लेकर नागरिकों को राहत पहुंचाई जा रही है। कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा ग्राम पंचायत बरौदा मे स्थापित ट्रांसफार्मर के बंद होने संबंधी प्राप्त शिकायत को त्वरित संज्ञान में लेकर ऊर्जा विभाग के कार्यपालन अभियंता दक्षिण संभाग की ओर शिकायत प्रेषित करते हुए जांच हेतु निर्देशित किया गया। कलेक्टर श्री प्रसाद के निर्देश पर कार्यपालन अभियंता द्वारा शिकायत की जांच कनिष्ठ अभियंता उमरियापान वितरण केन्द्र के माध्यम से कराई गई। जांच के दौरान ग्राम में स्थापित 25 केव्हीए का ट्रांसफार्मर फेल हो जाना पाया गया। ग्रामीणों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए बीती 02 फरवरी को फेल ट्रांसफार्मर को बदलकर संबंधित उपभोक्ताओं की विद्युत आपूर्ति बिना किसी व्यवधान के चालू करा दी गई है।

### महाविद्यालय में जल मंदिर का किया शुभारंभ

**ढीमरखेड़ा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इकाई उमरियापान के द्वारा पकरिया स्थित शासकीय महाविद्यालय उमरियापान में सेवार्थ विद्यार्थी गतिविधि के माध्यम से शीतल पेयजल के लिए जल मंदिर का शुभारंभ किया गया।भाग संयोजक सुशील झारिया ने बताया कि सेवार्थी विद्यार्थी गतिविधि के माध्यम से गर्मी के दिनों में विद्यार्थी परिषद पूरे देशभर में अनेकों अभियान चलाती है।ताकि आमजनों को परेशानी का सामना न करना पड़े ।इस मौके पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ.आरती धुर्वे,इकाई मंत्री आयुष तंतुवाय सहित परिषद के अन्य कार्यकर्ता और महाविद्यालय स्टॉप मौजूद रहा।

---

प्रोजेक्ट पंख ने दिया जिले के युवाओं को उन्नति के आसमान में उड़ने का हौसला

# ड्रोन बना कटनी जिले की नई पहचान कलेक्टर के नवाचार देश भर में धमक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

प्रौद्योगिकी की उन्नति ने आधुनिक जीवन को एक नए तरीके से संवारा है। इसमें ड्रोन प्रौद्योगिकी का योगदान अविस्मरणीय है। अंतरराष्ट्रीय ड्रोन दिवस का आयोजन हर साल मई माह के पहले शनिवार को किया जाता है। इस दिन ड्रोन प्रौद्योगिकी की महत्वपूर्णता और उपयोग को मान्यता दी जाती है। ड्रोन तकनीक के विकास ने पूरे विश्व के साथ भारत में भी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है। आज ड्रोन तकनीक का उपयोग न केवल सामरिक क्षेत्र में, बल्कि जीवन के विविध क्षेत्रों में हो रहा है एवं हमारे देश के कई संस्थान इस तकनीक के विकास में निरंतर प्रयास कर रहे हैं।

ड्रोन तकनीक का उपयोग विभिन्न क्षेत्र जैसे आपदाकाल में रेस्क्यू ऑपरेशनों, वीडियोग्राफी एवं फोटोग्राफी, उन्नत खेती हेतु कृषि ड्रोन के माध्यम से खेतों में उर्वरक एवं दवाई का छिड़काव, मैपिंग ड्रोन के माध्यम से भगौलिक नक्शे एवं 3डी नक्शे तैयार करने, प्राकृतिक संपदा जैसे वन इत्यादि एवं मानव निर्मित संपदा जैसे भवन, ब्रिज, डेम, फैक्ट्री आदि की नियमित जांच निरीक्षण एवं सर्वे करने, मेलों, वीआईपी मूवमेंट, अति महत्वपूर्ण एवं संवेदनशील स्थानों एवं गतिविधियों की निगरानी, खदानों का सीमांकन एवं 3डी मैप तैयार करने, फसल बीमा के अंतर्गत निरीक्षण, पर्यटन स्थल का चिन्हांकन एवं सर्वे, मृदा परीक्षण एवं "सीड बॉल ड्रॉप" तकनीक से बृहद बृक्षारोपण जैसे अनेकों कार्यों में किया जा रहा है।

मध्यप्रदेश का कटनी जिला इस सफलता के उदाहरण में एक उत्कृष्ट स्थान रखता है। जिले के युवाओं को ड्रोन तकनीक का आधारभूत प्रशिक्षण देकर इस क्षेत्र में रोजगार के आगामी अवसरों हेतु पूर्णतः तैयार रखने हेतु नवाचार प्रोजेक्ट पंख प्रारम्भ किया गया है। प्रोजेक्ट पंख एक नवीन तकनीक के बहुआयामी उपयोग से युवाओं को भविष्य निर्माण की नई दिशा देने पर आधारित अवधारणा है, जिसका मुख्य उद्देश्य जिले के युवाओं को ड्रोन तकनीक के विभिन्न उपयोगों एवं तकनीकी कौशल का आधारभूत प्रशिक्षण प्रदान कर तकनीक के मुख्य धारा से जोडना है।

प्रोजेक्ट पंख के अंतर्गत ड्रोन तकनीक का प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु उच्च गुणवत्ता युक्त अत्याधुनिक सेंटर ऑफ एक्सिलेंस लैब का निर्माण किया गया है। लैब में आधुनिक ड्रोन सिम्युलेटर भी लगाये गए हैं जिसके माध्यम से विभिन्न मौसम परिस्थितियों, हवा दबाव, अलग प्रकार के ड्रोन, ड्रोन में खराबी के दौरान सॉफ्ट लैंडिंग इत्यादि परिस्थितियों में ड्रोन उड्डयन की ट्रेनिंग दी जा रही है। लैब में विभिन्न प्रकार के ड्रोन के साथ साथ ड्रोन किट्स, टूल्स व पार्टस आदि भी स्थापित किए गए हैं। नियमित क्लासरूम प्रशिक्षण के माध्यम से ड्रोन तकनीक की आधारभूत जानकारी, डीजीसीए द्वारा जारी ड्रोन रूल और दिशा निर्देशों का विस्तृत जानकारी, ड्रोन 'असेंबली और डिस- असेंबली लेवल" का लाइव प्रैक्टिकल सेशन, एयरोडायनामिक्स एवं ड्रोन उड़ान के मूलभूत सिद्धांत, ड्रोन की बनावट एवं उसके विभिन्न पाट्र्स, ड्रोन की सरंचना, मरम्मत एवं रखरखाव का प्रशिक्षण प्रदान करने के साथ ही साथ प्रैक्टिकल सेशन में ड्रोन उड्डयन के हेण्ड्सऑन सेशन आयोजित कराये जा रहे हैं। व्यावसायिक रूप से क्षात्रों को सक्षम बनाने के उद्देश्य से ड्रोन उद्योग की बारीकियां और रोजगार/व्यवसाय की संभावनाओं की जानकारी, डोन उद्योग के विषय विशेषज्ञों द्वारा लाइव सेशन्स व मार्गदर्शन एवं पर्सनालिटी डेवलपमेंट सम्बंधी प्रशिक्षण भी प्रदान किया जा रहा है।

इस प्रोजेक्ट के तहत लगभग 500 प्रशिक्षणार्थियों को ड्रोन तकनीक का प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है, ज़िले के युवाओं के इस हुनर को देख कर देश की बड़ी ड्रोन कंपनियाँ प्रशिक्षित व्यक्तियों की तलाश में ज़िले का रुख कर रही हैं।

---

# मसाला फर्म का औचक निरीक्षण, लिये गए नमूने

**लाइसेंस की शर्तों का उल्लंघन पाये जाने पर जारी हुआ नोटिस**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देश पर मिलावट से मुक्ति अभियान के अंतर्गत निरंतर कार्यवाही की जा रही है। इसी तारतम्य में खाद्य सुरक्षा प्रशासन की टीम द्वारा खाद्य मसालों की जांच का विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्रीमती देवकी सोनवानी ने बताया कि शुक्रवार को घंटाघर के पास स्थित फर्म संजय गोवर्धन का औचक निरीक्षण खाद्य सुरक्षा की टीम द्वारा किया गया । इस दौरान मौके पर हल्दी, धनिया, जीरा, अजवाइन, सौंफ, मेथी के नमूने जांच हेतु लिए जाकर राज्य खाद्य प्रयोगशाला भोपाल भेजनें की कार्यवाही की गई। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान संजय गोवर्धन फर्म में मौके पर लाइसेंस की शर्तों का उल्लंघन पाए जाने से अधिनियम की धारा 32 के तहत नोटिस जारी किया जाकर 14 दिवस में जवाब मांगा जा रहा है। जारी नोटिस का 14 दिवस के भीतर संतोषप्रद जानकारी प्रस्तुत नही करने पर लाइसेंस निलंबन की कार्यवाही की जायेगी।

विशेष अभियान के अंतर्गत जिले में मसाला निर्माण करने वाली फैक्ट्रियों प्रकृति मसाले, गौरवी मसाले के नमूने विगत दिवस गुरुवार को लिए जाकर राज्य खाद्य प्रयोगशाला भोपाल भेजे जा चुके है। रिपोर्ट प्राप्त होने पर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। यह कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

---

माई नदी के पुनरूद्धार के लिए निकाली जा रही यात्रा

# जल के महत्व की जानकारी देकर सहेजने के लिए किया जा रहा प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



माई नदी का पुनरुद्धार करने के उद्देश्य से माई नदी पुनरुद्धार यात्रा माई नदी के निकटस्थ ग्रामों से होकर निकाली जा रही है माई नदी पुनरुद्धार यात्रा के संयोजक भारत लाल नामदेव के नेतृत्व में यह यात्रा निकल जा रही है

### पानी को रोकने पर बल

उन्होंने बताया की आम लोगों को माई नदी को पुनर्जीवित करने के लिए व्यक्तिगत प्रयास की आवश्यकता हैं घरों का पानी घर में मोहल्ले का पानी मोहल्ले में और गांव का पानी गांव में रोकने पर बल दिया गया यदि इस के लिए प्रत्येक घर में सोखता गड्ढा बना लिया जाता हैं। इसी तरह सामुदायिक सोखता गड्ढा बना दिया जाता है तो और सभी व्यक्ति के द्वारा प्रयास किया जाये एक अभियान चलाया जाए तो यही घरों से निकलने वाला पानी नदी में लगातार रिसकर के आता रहेगा तो माई नदी पुनर्जीवित हो जाएगी

### पिपरिया से हिरवारा पहुंची

माई नदी पुनरुद्धार यात्रा के संयोजक भारत लाल नामदेव के नेतृत्व में यह यात्रा निकली जा रही है जिसमें अन्य सामाजिक संगठन के नरेन्द्र चौरसिया, मानव जीवन विकास समिति के संचालक निर्भय सिंह एवं शिकागो पब्लिक स्कूल कटनी मोहन नागवानी हिरवारा के सरपंच हीरा चक्रबर्ती, पिपरिया के सरपंच नरेंद्र सिंग चौहान के अलावा सचिव उपस्थित रहे सामाजिक सरोकारों से जुड़े हुए लोग इसमें सम्मिलित हो रहे हैं इस यात्रा का मूल उद्देश्य लोगों में माई नदी के प्रति संवेदनशीलता को बढ़ाना नदी के पुनर्जीवित करने के लिए छोटे-छोटे प्रयास करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है 3 मई को में नदी के निकटस्थ ग्राम पिपरिया से यात्रा प्रारंभ होकर के हिरवारा में पहुंची जिसमें काफी संख्या में आम जन सम्मिलित हुए और उन्होंने अपने-अपने ग्राम की में नदी भूमि पुनरुद्धार समिति का गठन किया जिसमें हर विषय के जानकार लोगो को सम्मिलित किया गया

कार्यक्रम की संयोजक भारत नामदेव ने बताया कि प्रत्येक गांव से कमेटी या बनाकर उनका एक महासंघ बनाने का काम आने वाले समय में किया जाएगा जो इस पूरे नदी पुनरुद्धार के काम का समन्वय का काम करेगी।

---

## रेड लाइट जंप करने वालों पर हुई जुर्माना कार्यवाही



यातायात नियमों का पालन न करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध कुठला थाना प्रभारी अभिषेक चौबे के नेतृत्व में विशेष अभियान चलाकर रेड लाइट जंप करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कार्यवाही की गई। देर शाम कुठला पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही के कारण हड़कंप की स्थिति निर्मित रही। कुठला पुलिस ने कार्यवाही के दौरान वाहन चालकों को यातायात नियमों का उल्लंघन न करने की हिदायत भी दी। कार्यवाही के संबंध में जानकारी देते हुए कुठला थाना प्रभारी अभिषेक चौबे ने बताया कि पन्ना तिराहा के पास सघन वाहन चैकिंग की गई। चेकिंग करते हुए यातायात संकेतो का उल्लंघन करने पर 33 वाहन चालको के विरुद्ध चालानी कार्यवाही कर के उनसे 14 हजार 1 सौ रूपये समंस शुल्क वसूल किया गया। कार्रवाई में निरीक्षक अभिषेक चौबे के नेतृत्व में उप निरी. विनोद सिंह, सहायक उप निरीक्षक रवि शुक्ला, प्रधान आरक्षक विद्यानंद मिश्रा, सुनील पाण्डेय, राहुल मिश्रा, आरक्षक मनोज सिंह राजपूत की अहम भूमिका रही।

---

# तहसील कार्यालय में नहीं पेयजल व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरही



बरही तहसील कार्यालय में गांव-गांव से रोजाना सैकड़ों लोग अपने विभिन्न कार्यों के लिए आते हैं। इस भीषण गर्मी के चलते लोगों के लिए सबसे महत्वपूर्ण पीने के पानी की आवश्यकता होती है, लेकिन यहां पर लोगों को पेयजल की कोई व्यवस्था नहीं हैं, जिससे लोग पानी के लिए यहां-वहां भटकते नजर आते हैं। भीषण गर्मी के चलते जहां लोगों के कंठ सूख रहे हैं। लेकिन इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा। अधिकारी स्वयं के लिए तो पानी की बॉटल व केन मंगवा लेते हैं, लेकिन बाहर घंटों तक तेज दोपहर में बैठे लोगों कि ओर किसी का ध्यान नहीं है। हैरानी की बात तो यह है कि परिसर के बाहर एक मटका तक नही रखवाया गया है जिसकी वजह से दूर दराज से आये पक्षकारो को पानी कि समस्या हो रही है

गौरतलब है कि इतनी भीषण गर्मी में लोगों के लिए खाने से ज्यादा पीने का पानी बहुत ही महत्वपूर्ण है।

इस सम्बंध में अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष सचिन्द्र सिंह बघेल का कहना है कि बरही तहसील में पानी का बहुत बड़ा संकट है दूर दराज से पक्षकार आते हैं न्यायालय में अपनी बात रखने के लिए जब उन पक्षकारो को प्यास लगती है तो होटलों में जाकर पानी पीते हैं उन्हें तहसील कार्यालय में पानी नसीब नही हो पाता है इसके अलावा श्री बघेल ने बताया कि यहां पर पक्षकारो के बैठने तक कि व्यवस्था नही है पच्चीस तीस किलोमीटर तक के गांवो से पक्षकार पहुंचते हैं जो ऐसे ही धूप में खड़े रहते हैं या फिर दफ्तर के बाहर जमीन पर बैठे रहते हैं बताया गया कि बरही तहसील में मूलभूत सुविधाएं नही है।

इस सम्बंध में पूर्व में एसडीएम व कलेक्टर को लिखित रूप से अवगत कराया जा चुका है लेकिन आज दिनांक तक समस्या का समाधान नही हो पाया न तो पानी कि व्यवस्था हो पाई और न ही पक्षकारो के बैठने के लिए सेड बन पाया एक बार पुनः अधिवक्ता संघ बरही द्वारा जिला के कलेक्टर से मांग की जा रही है।

---

बड़वारा पुलिस को मिली सफलता, नकदी एवं सामग्री बरामद

# पुट्टी प्लांट में चोरी करने वाले पांच बदमाशों को किया गया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बड़वारा



बडवारा थाना क्षेत्र के डायमण्ड व्हाइट सीमेंट पुट्टी प्लांट बम्हनगवा मे हुई कूपनो की चोरी के मामले में पुलिस ने चोरों को पकड़ कर चोरी गया माल बरामद करने में सफलता हासिल की है।

बड़वारा थाना प्रभारी किशोर कुमार द्विवेदी ने बताया कि विगत दिनों अनुराग मोहन राठौर पिता गौरीशंकर राठौर 35 साल सुपरवाइजर डायमण्ड व्हाईट सीमेंट बम्हनगवां द्वारा 29 अप्रैल को चोरी के संबंध मे एक लिखित आवेदन दिया गया की व 15 अप्रैल 2024 की दरम्यानी रात्रि डायमण्ड व्हाईट सीमेंट प्राइवेट लिमिटेड पुट्टी प्लांट बम्हनगवां (चांदन) फैक्ट्री से कम्पनी द्वारा जारी कूपन अज्ञात चोरो द्वारा चोरी कर लिए गये है। प्राप्त रिपोर्ट पर बडवारा पुलिस ने धारा 457, 380 भादवि का प्रकरण दर्ज कर मामले को जांच में लिया।

वरिष्ट अधिकारियो के निर्देशन के मे टीम गठित कर अज्ञात आरोपियों की तलाश की जा रही थी। थाना प्रभारी उनि किशोर कुमार द्विवेदी द्वारा हमराह स्टाफ के साथ डायमण्ड व्हाईट सीमेंट प्राइवेट लिमिटेड पुट्टी प्लांट बम्हनगवां (चांदन) फैक्ट्री वा आस पास संभावित स्थानो पर संदेहियो से पूछताछ की जारी रही थी। इसी बीच गत 1 मई 2024 को आरोपी शुभम पटेल पिता सुभाष पटेल उम्र 23 साल निवासी दुर्गा चौक कटनी, वीर उर्फ वीरेन्द्र पटेल पिता विनोद पटेल उम्र 20 साल निवासी कुठला बस्ती बधैया मोहल्ला, ओम प्रकाश साहू पिता मंगीलाल साहू उम्र 22 साल निवासी सुर्या होटल के पास बस स्टैण्ड कटनी, अर्पित पिता राकेश गुप्ता 29 साल नई बस्ती, गणेश यादव पिता रूपलाल यादव साल निवासी रूपौंद, आकाश पटेल पिता सुनील पटेल 20 साल निवासी ग्राम पटवारा से घटना के संबंध में पूछताछ की गई। पूछताछ में उन्होंने घटना करना स्वीकार किया। उक्त आरोपियों से प्रकरण मे चोरी गये मसरूका टोकन के बंडल एवं 40 हजार रूपये नगद बरामद किये गये। शेष आरोपियो की तलाश जारी है।

आरोपियो को पकड़ने मे थाना प्रभारी किशोर कुमार द्विवेदी, उनि प्रदीप जाटव, सउनि विक्रम सिंह, सउनि रघुवीर सिंह, सउनि सतेन्द्र सिंह, प्र.आर. केके शुक्ला, प्र.आर. पवनराज, प्र.आर. नितिन जायसवाल, प्र.आर. राजकुमार सिंह, आर. गौरीशंकर राजपूत आर. चालक शिवप्रकाश तिवारी की विशेष भूमिका रही।

---

कलेक्टर ने किसानों से नरवाई नहीं जलाने की अपील

# नरवाई जलाने के प्रतिबंधात्मक आदेश के उल्लंघन पर दर्ज हुई प्राथमिकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

नरवाई मे आग लगाने की प्रवत्ति के चलते पूरे जिले मे अग्नि दुर्घटनाओं पर कड़ाई से नियंत्रण करने की कार्यवाही की जा रही है। कलेक्टर श्री अवि प्रसाद द्वारा नरवाई जलाने के संबंध मे जारी प्रतिबंधात्मक आदेश के बाद भी अनुविभाग ढीमरखेड़ा के ग्राम नेगई मे खेत में गेंहूॅ की कटाई के बाद बचे अवशेष नरवाई को जलाने पर संबंधित सिकमीदार कृषक रामलाल के विरूद्ध पुलिस थाना ढीमरखेड़ा में प्राथमिकी दर्ज की गई है।

कलेक्टर अवि प्रसाद ने जिले के किसान भाईयों से अपील की है कि वे फसल की कटाई के बाद अवशेष नहीं जलायें। नरवाई जलाने से आस-पास के खेतों में खड़ी फसल को भी आग की चिंगारी से क्षति पहुंचने की आशंका बनी रहती है। इसके अलावा पर्यावरणीय नजरिये से भूमि की उर्वरा शक्ति भी नष्ट होती है। कलेक्टर ने अपनी अपील मे कहा है कि मृदा उर्वरता बढ़ानें वाले सूक्ष्म जीवाणु आग मे जलकर मर जाते है जिससे उत्पादकता पर असर पडता है। साथ ही आग लगने से जान- माल के खतरे की भी आशंका बनी रहती है।

### कोटवार ने कराई एफआईआर

तहसील ढीमरखेड़ा अंतर्गत ग्राम नेगई मे पटवारी हल्का नंबर 61 स्थित भूमि खसरा नंबर 3578 रकबा 0.24 हेक्टेयर में सिकमीदार राम लाल पिता तांती राम निवासी नेगई नें प्रशासन द्वारा नरवाई नहीं जलाने के जारी प्रातिबंधात्मक आदेश का उल्लंघन करते हुए नरवाई में आग लगानें की सूचना मिलनें पर हल्का पटवारी, ग्राम कोटवार एवं अन्य उपस्थित जनों की मौजूदगी में मौका जांच कर प्रतिवेदन सहित पंचनामा प्रस्तुत किया गया। जांच प्रतिवेदन में कलेक्टर द्वारा नरवाई के संबंध में जारी प्रतिबंधात्मक आदेश का उल्लंघन पाये जाने पर संबंधित के विरूद्ध एफ.आई.आर दर्ज कराने की कार्यवाही प्रस्तावित की गई।

### इस धारा में दर्ज हुई प्राथमिकी

कोटवार शिव प्रसाद दाहिया की शिकायत पर ढीमरखेड़ा पुलिस थाना में रामलाल पिता तांती राम ग्राम नेगई के विरूद्ध भारतीय दंड संहिता 1860 की धारा 188 के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई है जिसका नंबर 0187 है।

### कलेक्टर ने ग्रामीण क्षेत्र अंतर्गत फायर आडिट की जांच हेतु दल किया गठित, 15 दिन में रिपोर्ट देने निर्देश

**कटनी।** कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा वर्तमान ग्रीष्म काल तथा भविष्य में संभावित अप्रत्याशित अग्नि दुर्घटनाओं से बचाव एवं इससे होने वाली जान- माल की हानि को रोकने हेतु शासन निर्देशानुसार ग्रामीण क्षेत्र अंतर्गत फायर आडिट की जांच हेतु दल का गठन किया गया है। राज्य शासन के आदेशानुसार नगर पालिक निगम कटनी की स्थिति मे आयुक्त नगर निगम , नगर पालिका एवं नगर परिषद की स्थिति मे विभाग के संभागीय संयुक्त संचालक एवं ग्रामीण क्षेत्रों के लिए जिले कलेक्टर को अग्निशमन प्राधिकारी घोषित किया गया है।

कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा फायर आडिट की जांच हेतु गठित दल में समस्त तहसीलों के तहसीलदार, समस्त जनपंद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत बड़वारा के उपयंत्री विनय सिंह, जनपद पंचायत बहोरीबंद के उपयंत्री सुशील साहू, जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा के उपयंत्री ओ.पी.गुप्ता, जनपद पंचायत कटनी के उपयंत्री सी.बी चौबे, जनपद पंचायत रीठी के उपयंत्री चेतन सोनी और जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ के उपयंत्री उमेश हरदैनिया शामिल है।

कटनी श्री प्रसाद द्वारा जारी आदेशानुसार उपरोक्त गठित दल को अपने क्षेत्र में ऐसे सभी संस्थानों जिन्हे फायर अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी किया गया है उनका फायर आडिट सुनिश्चित कराने के साथ ही ऐसे संस्थानों जिन्हे नियमानुसार फायर अनापत्ति प्रमाण पत्र लेना अनिवार्य है को चिन्हित करते हुए समुचित बिंदुओं की जांच कर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व जिला कटनी के माध्यम से 15 दिवस में अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करनें के निर्देश दिए है।

---



# ओवर लोड वाहनों पर की गई चालानी कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन के आदेशानुसार एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया, नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमति ख्याति मिश्रा के मार्गदर्शन में क्षेत्र में ओव्हर लोडिंग वाहनों के विरुद्ध कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया था। जिसके तारतम्य में थाना प्रभारी कुठला अभिषेक चौबे के नेतृत्व में गत रात्रि थाना कुठला क्षेत्रान्तर्गत चाका बायपास में ओव्हर लोडिंग करने पर हाईवा क्रमांक MP 34 ZB 6649 एवं MP 15 ZC 2774 के वाहनो के विरुद्ध चालानी कार्यवाही की जाकर 22,000 रुपये समंस शुल्क प्राप्त किया गया। कार्रवाई में निरीक्षक अभिषेक चौबे के नेतृत्व में उप निरी. के.के. सिंह, सहायक उप निरीक्षक तीरथ तेकाम, प्रधान आरक्षक नंदकिशोर अहिरवार, आरक्षक सतेन्द्र सिंह, आदि स्टाफ द्वारा कडी मेहनत एवं लगन से कार्यवाही करने में सफलता प्राप्त की गई।

## खबर संक्षेप

### परीक्षा केन्द्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया जाये

**दमोह।** महर्षि पतंजलि संस्कृत संस्थान भोपाल द्वारा आयोजित मुख्य परीक्षा 2023-24 हेतु परीक्षा केंद्रो की सुरक्षा व्यवस्था तथा निरीक्षण कार्यवाही किये जाने के निर्देश राज्या शासन द्वारा दिये गये है। इस संबंध में कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) दमोह से कहा है कि दमोह जिले के परीक्षा केंद्र शासकीय जे.पी.बी.क. शाला दमोह में 24 मई 2024 तक आयोजित की जायेगी। नियत परीक्षाओं के संचालन हेतु परीक्षा केंद्र का आकस्मिक निरीक्षण किया जाये ।

### नीट परीक्षा के दौरान पर्याप्त पुलिस व्यवस्था सुनिश्चित की जाये

**दमोह।** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी नई दिल्ली द्वारा 05 मई 2024 दिन रविवार को दोपहर 02 बजे से शाम 05:20 बजे तक नीट (यूजी) परीक्षा दमोह जिले के दो परीक्षा केंद्रो यथा महर्षि विद्या मंदिर एवं श्री गुरूनानक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दमोह में आयोजित किये जाने पर आवश्यक व्यवस्थाएं तथा पर्याप्त सुरक्षा बल तैनात किये जाने के निर्देश कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने पुलिस विभाग को दिये गये है। उन्होंने कहा है परीक्षा केंद्रो पर कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु एक-चार की गार्ड, 02 महिला पुलिस बल सहित परीक्षा केंद्रो पर उपलब्ध कराया जाये।

### मतगणना की तैयारियों के संबंध में बैठक 7 को

**दमोह।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत 07-दमोह संसदीय क्षेत्र के मतदान समाप्ति पश्चात मतगणना की तैयारियों के संबंध में बैठक कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुधीर कुमार कोचर की अध्यक्षता में 07 मई 2024 को शाम 04 बजे से कार्यालय कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में आयोजित की गई है। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी मीना मसराम ने समस्त संबंधित अधिकारियों से बैठक में उपस्थित होने कहा है।

### कथा श्रवण करने से होता है कल्याण

**बनवार।** बम्होरी माला में चल रही श्रीमद् भागवत महापुराण के द्वितीय दिवस को कथा में अमर कथा और शुकदेवजी के जन्म का वृतांत का विस्तार से वर्णन किया कथा व्यास अरविंद व्यास ने कहा आप सभी पर मेरे ठाकुर की कृपा है। जिसकी वजह से आप आज कथा का आनंद ले रहे है। श्रीमद भगवत कथा का रसपान कर पा रहें हैं क्योंकि जिन्हें गोविन्द प्रदान करते है जितना प्रदान करते है उसे उतना ही मिलता है। कथा में यह भी बताया की अगर आप भागवत कथा सुनकर कुछ पाना चाहते हैं, कुछ सीखना चाहते है तो कथा में प्यासे बन कर आए, कुछ सीखने के उद्देश्य से, कुछ पाने के उद्देश्य से आएं, तो ये भागवत कथा जरूर आपको कुछ नहीं बल्कि बहुत कुछ देगी।

## सड़क पर वाहनों के खड़े होने से होती है परेशानी

# नगर में बाजार की सड़कों पर रोजाना लगता है जाम




हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

नगर का जैसे-जैसे विकास हो रहा है वैसे बढ़ते बहनों की संख्या से नगर की यातायात व्यवस्था चरमरा गई है सड़कों पर इधर-उधर खड़े वाहनों रोजाना बाजार की सड़कों पर जाम की स्थिति निर्मित होती है। इसके अलावा नगर की मुख्य सड़कों पर दुकानदारों द्वारा किए गए अतिक्रमण आवागवन के लिए परेशानी का सबब बना है। दुकान के सामने पटरी पर सजी दुकानों व हाथ ठेलों के चलते लोगों को दो पहिया वाहनों से निकलना मुश्किल होता है और आए दिन सड़कों पर जाम की स्थिति निर्मित होती है जिस दौरान यातायात व्यवस्था के जिम्मेवार दूर-दूर तक नजर नहीं आते और लोग स्वयं ही अपनी व्यवस्था बनाकर निकलते हैं। और आए दिन हादसे भी हो रहे लेकिन प्रशासन की ओर से कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। नगर में विकराल रूप धारण कर चुकी है समस्या को लेकर कोई गंभीर नहीं है। नगर पालिका और पुलिस के अधिकारी तक इस समस्या से जूझ रहे हैं लेकिन कार्यवाही नहीं की जाती। देखा जाए तो नगर में करोड़ों की लागत से सड़के बनाई गई हैं लेकिन लोगों द्वारा दोनों ओर से चौड़ी सड़क को देखकर अपने वाहनों को कहीं भी खड़ा कर देते हैं जिससे बस स्टैंड से मंदिर मस्जिद वाले मार्ग पर एवं मंदिर मस्जिद से राय चौराहा एवं खचना नाका से मस्जिद चौराहा बड़ा बाजार से बजरिया मार्ग मैं दिन भर यातायात व्यवस्था बिगड़ी हुई नजर आ रही है।

### व्यवस्था बनाने में जिम्मेदार नाकाम

नगर की यातायात व्यवस्था पर कभी-कभी जबरदस्त अधिकारियों के दिशा-निर्देश जारी होते हैं तब नगर पालिका प्रशासन व पुलिस यातायात व्यवस्थाओं को बनाने के लिए मुहिम चलाता है और दो-चार दिन बाद फिर हालात जस के तस हो जाते हैं।

## अच्छा कार्य करने वाले शिक्षक-प्राचार्य होंगे सम्मानित-कलेक्टर

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कहा है कि दूरस्थ अंचलों में हाई स्कूल-हायर सेकेंडरी स्कूलों में पर्याप्त मात्रा में संसाधन उपलब्ध रहे, शिक्षक पर्याप्त रहे, कहीं कमी है तो जुलाई तक सुनिश्चित कर लिया जाए। उन्होंने कहा हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूलों का टाइम टेबल तैयार कर लिया जाए। कक्षाओं में प्राचार्य भी छात्रों को पढ़ाएंगे। साथ ही हर माह इसी तरह उनके द्वारा बैठक लेकर समीक्षा की जाएगी। इस आशय के निर्देश कलेक्टर ने उत्कृष्ट विद्यालय में आयोजित दो सत्रो समीक्षा बैठक के दौरान दिए। उन्होंने कहा प्रत्येक विद्यालय में शिक्षकों द्वारा शत-प्रतिशत कॉपी चेक की जाएगी, इसमें प्राचार्य 25 प्रतिशत कॉफी चेक करेंगे। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा कि हर माह इन सभी स्कूलों का जिला और खंड स्तर के अधिकारी निरीक्षण करेंगे, निरीक्षण कर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे।कलेक्टर ने कहा हर माह पालक शिक्षक की बैठक होगी, इन बैठकों में वे भी शामिल होंगे। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने आयोजित समीक्षा बैठक में कहा हर स्कूलों में अब मासिक, त्रैमासिक और छह मासिक परीक्षा ली जाएगी। पेपर एक जैसे जिला स्तर से सेट होंगे परीक्षा की मॉनीटरिंग भी की जाएगी। उन्होंने कहा 31 दिसंबर तक कोर्स पूर्ण करना है, प्लान तैयार कर लिया जाये। उन्होंने कहा दिसंबर के बाद रिवीजन पढ़ाई शुरू होगी।

### अच्छे काम पर शिक्षकों-प्राचार्यों का होगा सम्मान

कलेक्टर श्री कोचर ने कहा कि पढ़ाई गुणवत्ता युक्त हो यह सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी। अच्छा काम करने वाले शिक्षकों-प्राचार्यो को आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने कहा शिक्षा के काम में लापरवाही बरतने वालों के विरुद्ध कार्यवाही होगी। साथ ही उन्होंने कहा नकल नहीं होगी, नकल पाए जाने पर एफआईआर दर्ज होगी। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी से कहा शिक्षकों का प्रशिक्षण कराया जाए जिले के अलावा अन्य स्थान से प्रदेश में जहां अच्छा परिणाम आया है शिक्षकों को आवश्यक होने पर वहां भेजा जाए। कलेक्टर ने कहा अच्छा परिणाम देने वाले स्कूलों के शिक्षकों को ट्रेनर्स बनाएं। उन्होंने कहा कमजोर बच्चों पर विशेष फोकस रखा जाए आवश्यक होने पर बच्चों की अतिरिक्त क्लास भी लगाई जाए। कलेक्टर श्री कोचर ने स्किल, देश भक्ति, योग, शारीरिक शिक्षा जैसी बातें टाइम टेबल में शामिल किए जाने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री कोचर नेकहा कि आप सभी मेरे परिवार के सदस्य हैं। आपकी समस्या जो भी होगी उसको निराकृत किया जाएगा। उन्होंने कहा अच्छा कार्य करने वाले पुरुष्कृत होंगे और लापरवाही पर दंड दिया जाएगा। काम करें जिम्मेदारी का निर्वहन करें हमारा लक्ष्य दमोह को प्रदेश में टॉप 10 में लाना है। उन्होंने कहा आप सब में काबिलियत है आप यह काम आसानी से अच्छी तरह से कर सकते हैं और मुझे आप सब पर पूरा विश्वास भी है।

## दो अनावेदकों पर एक लाख रूपये अर्थदण्ड की शास्ति अधिरोपित

**दमोह ।** खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत मिथ्या छाप दही तथा मावा बर्फी विक्रय करने पर दोष सिद्ध होने के आरोप में अपर कलेक्टर एवं न्याय निर्णयन अधिकारी मीना मसराम ने जिले के 02 अनावेदकों पर मिथ्याछाप सामग्री विक्रय करने के आरोप में दोष सिद्ध होने पर एक लाख रूपये के अर्थदण्ड की शास्ति अधिरोपित की है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी माधवी रावत (बुधौलिया) द्वारा प्रस्तुत परिवाद पर हरसिद्धि मंदिर के पास बजरिया नं.-02 दमोह निवासी अनावेदक आशीष यादव पिता भीकम यादव द्वारा अमानक दही के विक्रय करने के आरोप में 50 हजार रूपये एवं स्टेशन चौराहा मागंज वार्ड नं.-02 दमोह दमयंती नगर निवासी अनावेदक गंधर्व गुप्ता पिता बृजबिहारी गुप्ता द्वारा अमानक माबा बर्फी के विक्रय करने के आरोप में दोष सिद्ध होने पर 50 हजार रूपये के अर्थदण्ड की शास्ति अधिरोपित की है। अधिरोपित शास्ति की राशि स्टेट बैंक ऑफ इंडिया मुख्य शाखा दमोह में चालान द्वारा शीर्ष 0210-चिकित्सा एवं लोक स्वास्थ्य 04 लोक स्वास्थ्य 104 शुल्क एवं दण्ड आदि 0754 खाद्य एवं औषधि नियंत्रण में जमा कराकर चालान की एक प्रति न्यायालय अपर कलेक्टर एवं न्याय निर्णयन अधिकारी के कार्यालय में प्रस्तुत करना होगी। अधिरोपित शास्ति की राशि 15 दिवस में जमा की जाये। नियत समयावधि में राशि जमा नहीं किये जाने पर अधिनियम की धारा 96 के तहत भू-राजस्व की बकाया की भांति वसूल की जायेगी। उन्होंने आदेशित किया है कि क्रय की गई सामग्री को अपील अवधि पश्चात विनिष्टिकरण किया जाये।

## गर्मी बढ़ने के साथ ही अस्पतालों में बढ़ने लगी मरीजों की संख्या



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

अप्रैल माह की शुरुआत से ही भीषण गर्मी का सामना करना पड़ रहा है जबकि अभी मई व जून का महीना आना बाकी है। अचानक गर्मी बढ़ने से डायरिया ब्लू घबराहट व बेचैनी की समस्या लोगों में देखने को मिल रही है, गर्मी का प्रभाव ज्यादातर बच्चों का बुजुर्गों में देखने को मिल रहा है इससे सिविल अस्पताल हटा के साथ ही निजी डॉक्टर के पास मरीजों की संख्या बढ़ गई है। अस्पताल की ओपीडी लगभग 250 के पार पहुंच गई है। वहीं अस्पताल में प्रतिदिन भर्ती होने वाले मरीज की संख्या मैं भी काफी इजाफा हुआ है। भीषण गर्मी के प्रकोप से बचाव के लिए सिविल अस्पताल हटा केवीएम डॉक्टर यूएस पटेल ने कहा कि गर्मी का मौसम आते ही अनेक प्रकार की बीमारियां लोगों को घेरना शुरू कर देती है अपने सही खानपान के सेवन से घातक बीमारियों से बचा जा सकता है। डॉक्टर पटेल ने बताया कि गर्मी के मौसम में डायरिया, हैजा, पीलिया डी-हाईड्रेशन सहित कई बीमारियों के होने की ज्यादा संभावनाएं रहती है। ऐसे रोग गंदे पानी के उचित निकासी नहीं होने, पीने का पानी ढका न होना , बिना ढंके खाने पर मंडराती मक्खियां, बासी खाना खाने आदि कर्म से हो सकते हैं। इससे मरीज को उल्टी डस्टर व बुखार जैसे रोग जकड़ लते हैं। इनसे मरीज के शरीर में पानी की कमी होने से डी-हाइड्रोजन हो सकता है ऐसे में मरीज को नजदीकी अस्पताल में उपचार के लिए ले जाना चाहिए।

### तेज धूप में जाने से बचें, खूब पिये पानी

गर्मी बढ़ने के साथ ही बच्चों का बुजुर्गों के शरीर में पानी की कमी के कारण वे लू की चपेट में आ रहे हैं। दरअसल गर्मी से शरीर में डिहाईड्रेशन की समस्या होने लगती है। पानी की कमी के कारण लोगों को घबराहट व चक्कर आने लगते हैं। बचाव के लिए ज्यादा से ज्यादा पानी पीकर घर से निकलना चाहिए। इससे बचाव के लिए सबसे पहले तो लोगों को तेज धूप में जाने से बचना चाहिए और शीतल पेय का सेवन करना चाहिए।

## भगवान भाव का भूखा है ना की धन का : पं सुधीर शास्त्री

**दमोह।** केशव नगर में चल रही सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन पंडित श्री शास्त्री ने भगवान को पाने और मुक्ति का सरल उपाय बताया। उन्होंने कहा कि भगवान केवल भाव के भूखे हैं आप सच्चे मन से उन्हें जिस रूप में जिस भाव में मानेंगे वह आपको इस रूप में प्राप्त होंगे। आपके पास जो कुछ भी है उसे श्रद्धा भाव से ईश्वर को समर्पित कीजिए। चाहे सूखी रोटी या पकवान जो भी आपके पास है। वह सच्चे मन से आप ईश्वर को समर्पित करते हैं तो वह आपके द्वारा आपके भाव को स्वीकार करता है। उन्होंने कथा का प्रसंग सुनाते हुए कहा श्री कृष्णा विदुर के यहां गए तो परसंबी ने उन्हें केला के छिलके खिलाएं जो उन्हें 56 भोग से भी प्रिया लगे विदुर ने कहा आप भगवान को छिलके क्यों खिला रहे हो। यह पकवान खिलाएं तो भगवान ने कहा जो स्वाद केले के छिलको में है वह आपके पकवान में नहीं उनका भाव उनका मन भगवान में लगा था उनको पता ही नहीं चला वह क्या खिला रही है। पंडित श्री शास्त्री कहते हैं कि इस भवसागर मुक्त होने के लिए भगवान की भक्ति के अलावा दूसरा कोई उपाय नहीं है। वह कहते हैं कि इसके लिए आपको बैरागी धारण करने जरूरत नहीं है। आप तो केवल सच्चे मन भाव से उनका स्मरण करते रहीये जो आपकी जिम्मेदारी है उनको ईमानदारी से निभाते रहिए। एक बार मुक्ति ने भगवान से कहा मैं सबको भवसागर से मुक्त करती हूं मेरे मुक्त होने का उपाय बताइए तो भगवान ने कहा आप भक्तों के पैरों की राज धूल अपने माथे पर लगा लीजिए आप भी मुक्त हो जाएंगी। मई 4 में दिन शनिवार को भगवान श्री कृष्ण का जन्म उत्सव मनाया जाएगा। सभी भक्तजनों से आग्रह है भगवान के जन्म उत्सव में सम्मिलित होकर धर्म लाभ जरूर उठाएं।

## कभी गैसाबाद तो कभी सिमरिया पुलिस की चलती है वाहन चेकिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गैसाबाद

दमोह जिला की सीमा रेखा पर बसे ग्राम गैसाबाद क्षेत्र के बसीदें आए दिन लगने वाली पुलिस चेकिंग से परेशान हो रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्र के लोगों ने हरिभूमि को बताया कि हमारा ग्राम गैसाबाद दमोह पन्ना जिला की बॉर्डर पर बसा हुआ है। इसलिए पुल के इस तरफ कभी गैसाबाद पुलिस वाहन चेकिंग करती है तो कभी पुल के उस तरफ सिमरिया पुलिस पुलिस वाहन चेकिंग करती है जिससे लोगों को आए दिन होने वाली वाहन चेकिंग से असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। वाहन चेकिंग में फंसे लोगों ने हरिभूमि को बताया कि इस तपती हुई धूप में मेरा छोटा बच्चा बहुत परेशान हो रहा है। मैं ग्राम रैकरा से गैसाबाद बच्चे की दवाई करने आया था लेकिन चेकिंग में निकल नहीं पा रहा हूं। जबकि मेरा गांव यहां से मात्र 5 किलोमीटर दूर है। हम लोगों का रोज का आना-जाना रहता है। इसी तरह आसपास के गांव के ग्रामीण जन मंगलवार हॉट बाजार के दिन बाजार करने आते हैं उनको भी असुविधा हो रही है। ग्रामीण जनों ने हॉट बाजार के दिन वाहन चेकिंग नहीं लगाई जाने एवं आसपास के लोगों को वाहन चेकिंग से राहत दिए जाने की मांग की है।

## 70 किलो दूषित फलों का किया विनष्टीकरण



**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत खाद्य सुरक्षा अधिकारी माधवी बुधौलिया ने कार्यवाही करते हुए दमोह शहर के थोक फल विक्रेताओं का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण की कार्यवाही में कचौरा शॉपिंग सेंटर दमोह स्तिथ पप्पू शरीफ फ्रूट मर्चेंट, नितिन ज्ञानचंदानी फ्रूट मर्चेंट एवं अशोक ज्ञानचंदानी फ्रूट मर्चेंट सहित एक दर्जन से अधिक थोक फल विक्रेताओं का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण की कार्यवाही में थोक फल विक्रेताओं की दुकानों में संग्रहित फलों की जांच की गई। निरीक्षण में किसी भी थोक फल विक्रेता के परिसर में फलों जैसे आम, पपीता एवं केला को प्रतिबंधित कैल्शियम कार्बाइड से पकाते हुए नहीं पाया गया है।ढसमस्त थोक फल विक्रेताओं द्वारा आम एवं केला को एफ.एस.एस.ए. आई द्वारा अधिकृत एवं स्वीकृत एथिलिन गैस चैंबर्स में मान्य एथिलिन गैस के माध्यम से कृत्रिम रूप से पकाते हुए पाया गया है। निरीक्षण की कार्यवाही में थोक फल विक्रेताओं के यहां संग्रहित 30 किलो दूषित आम एवं 40 किलो दूषित संतरा कुल 70 किलो फलों मूल्य 4200 रुपए का मौके पर ही विनष्टीकरण करवाया गया। मौके पर सभी थोक एवं फुटकर फल विक्रेताओं को सड़े गले, दूषित फलों का भंडारण एवं विक्रय न करने के निर्देश दिए गए एवं फलों को केवल प्राकृतिक तरीके से एवं भारत शासन द्वारा मान्य विधि से ही कृत्रिम रूप से पकाने के निर्देश दिए गए।

## स्थापना दिवस पर संगोष्ठी का हुआ आयोजन

**पटेरा।** श्री बड़े बाबा जैन मिलन शाखा पटेरा कुण्डलपुर ने 59वें स्थापना दिवस पर प्रातः सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों को पुल वितरित कर स्वास्थ्य केंद्र के बीएमओ डॉ अशोक बरोनिया का बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिये पूरे स्टाफ की उपस्थिति में सम्मान किया। वहीं दोपहर में मनोज सेठ के आवास पर समाज एकता व सामाजिक कार्यो में जैन मिलन की अहम उपयोगिता पर सभी वक्ताओं ने जैन मिलन के उददेश्य व कार्यक्रमों की सराहना की। महावीर वंदना से प्रारंभ कार्यक्रम में आगामी महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित करने पर चर्चा की गई। बैठक में अध्यक्ष नरेन्द्र बजाज, महेश जैन, राजेन्द्र राही, राजेन्द्र बजाज, स्वतंत्र सेठ, नीलेश सराफ, श्रीकांत बड़कुल, मनोज सेठ, जितेन्द्र बड़कुल, अमित जैन, पंकज जैन, राजेश सेठ, प्रशांत सेठ, रवि सराफ, जिनेश जैन वकील सहित सभी सदस्य उपस्थित रहे। अंत में सभी ने सुस्वाद नाश्ता आनंद लिया। इस बैठक हेतू मनोज सेठ का आभार माना। अगली बैठक रवि सराफ के यहां होगी।



## गौशाला में जाकर की गौ सेवा...

**दमोह।** भारतीय जैन मिलन के 59वें स्थापना दिवस पर 2 मई 2024 को महिला जैन मिलन नेमिनगर शाखा दमोह क्षेत्र क्रमांक -10 ने गौशाला में कार्यक्रम किया। नेमीनगर शाखा के सदस्यों ने गौशाला में जाकर गायों के लिए घास खिलाई और सभी अपने घर से रोटी और गुड़ लेकर गए थे वह भी गायों को खिलाया। कार्यक्रम में कार्यक्रम में मुख्य भूमिका कविता ऋषभ जैन की रही। मुख्य संयोजिका वीरांगना अर्चना जैन भी वहां उपस्थित रही। शाखा के संयोजिका के रूप में वीरांगना रश्मि जैन, अध्यक्ष सीमा दिगंबर, मंत्री डॉली, कोषाध्यक्ष पदमा, ज्योति आदि सभी सदस्यों की उपस्थिति रही। नेहा, सविता, संध्या, दिशा, सीमा आगरा, सुधा, और क्षेत्रीय संयोजक संजीव जी जैन शाकाहारी की उपस्थिति रही।




## सुख तो चाहते हैं लेकिन दुख को छोड़ना नहीं चाहतेः मुनिश्री शैलसागर जी

**दमोह ।** सुप्रसिद्ध सिद्ध क्षेत्र, जैनतीर्थ कुंडलपुर में मुनि श्री शैलसागर जी महाराज ने प्रवचन देते हुए कहा संसार में जितने भी प्राणी हैं वह सब सुख चाहते हैं सुख तो चाहते हैं लेकिन दुख को छोड़ना नहीं चाहते ।सुख की इच्छा सभी के लिए लेकिन दुख के जितने साधन है सभी जोड़कर रखे हुए हैं जब तक दुख के साधन साथ रहेंगे तब तक सुख मिलना संभव नहीं। व्यक्ति के पास जितने साधन हैं दुख के हैं सुख का साधन एक भी नहीं ।यहां तक कहा जाए महाराज के पास पिच्छी कमंडल है वह क्या सुख का साधन है वह भी एक प्रकार से दुख का साधन है क्योंकि यह पिच्छी मेरी है यह कमंडल मेरा है ।जहां मेरे तेरे का भाव आएगा वहां निश्चय दुख होगा ।पिच्छी को पिच्छी के रूप में कमंडल को कमंडल के रूप में स्वीकार करते हैं तो दुख की बात नहीं है कि यह मेरा है मेरा जो है वह दुख है दुख के कारण गौण कर दे व्यक्ति तो उसके पास सुख ही सुख हो ।सुख तो चाहते पर दुख के साधनों को दूर नहीं करना चाहते ।अब दुख से बचने के लिए आचार्य कुंदकुंद देव ने प्रवचन सार में कहा कि सिद्धों को नमस्कार करो दुख से बचना चाहते तो दीक्षा को अंगीकार करो। आखिर दीक्षा है क्या दीक्षा तो सभी की होती पर दीक्षा का है क्या दीक्षा के लिए वस्त्र का त्याग किया जाए कोई जरूरी नहीं है।एक इच्छा पूर्ण हुई दूसरी शुरू हो जाती है इच्छाएं रहेगी तब तक दुख ही दुख ।सुख की प्राप्ति के लिए क्या हमने सुख को प्राप्त किया सुख को हमने प्राप्त नहीं किया दुख की खोज में दुख को एकत्रित कर लिया। दुख के साधनों को हम एकत्रित करते जाएं तो तीन काल में भी सुख मिलने वाला नहीं है। करना क्या है दुख के जो साधन है एक-एक करके अलग करते जाए दुख के साधन कौन-कौन से हैं आप स्वयं को देखिए हमने अभी तक त्याग किया है दान किया है जो हमारी वस्तुएं नहीं थी वह छोड़ दी और कहा त्याग कर दिया ।त्याग तो हमारी वस्तु थी उसका होता है पर वस्तु का नहीं। हमारी स्वयं की कौन-कौन सी वस्तुएं थीं और पर वस्तुएं कौन थी जो पर वस्तु है सोना चांदी दुकान मकान हमने इनका त्याग तो कर दिया छोड़ दिया त्याग की बात आती तो त्याग हमने शुरू किया ही नहीं जिस दिन त्याग शुरू हो जाएगा उस दिन सुख के रास्ते खुलते चले जाएंगे। अब त्याग की वस्तुएं कौन सी हैं क्रोध मान माया लोभ राग द्वेष मोह यह हमारी स्वयं की वस्तुएं हैं इनका त्याग करना त्याग की बात शुरू होती है तो सुख के साधन रास्ता बताते। त्याग शुरू कर दिया जब तक त्याग शुरू होता तो सुख के साधन मिलते हैं हमने जब तक त्याग नहीं किया तब तक सफल नहीं हो सकते। कहना सरल है पर करना कठिन है। हमारे पास कितना राग है कितना द्वेष है कितना मोह है कितना क्रोध है ।जब मान को धक्का लगता है तो क्रोध आता है मान को बस में कर लिया तो क्रोध आ नहीं सकता। मान के ऊपर अंकुश लगाना जरूरी है।

## कलश यात्रा के साथ हुआ श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ



**बनवार।** ग्राम गाडाघाट में. भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत महापुराण का शुभारंभ हो गया प्रथम दिन की कथा में कथा वाचक पंडित उमाशंकर शास्त्री ने भागवत कथा का महत्व बताते हुए कहा कि मृत्यु को जानने से मृत्यु का भय मन से मिट जाता है, जिस प्रकार परीक्षित ने भागवत कथा का श्रवण कर अभय को प्राप्त किया, वैसे ही भागवत जीव को अभय बना देती है। शास्त्री जी ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा परमात्मा का अक्षर स्वरूप है। यह परमहंसों की संहिता है, भागवत कथा हृदय को जागृत कर मुक्ति का मार्ग दिखाता है। अधिक मास में इसके श्रवण का महत्व है। भागवत कथा भगवान के प्रति अनुराग उत्पन्न करती है। यह ग्रंथ वेद, उपनिषद का सार रूपी फल है। यह कथा रूपी अमृत देवताओं को भी दुर्लभ है।

### खबर संक्षेप

## जिला न्यायालय परिसर में रक्तदान शिविर आज

**दमोह।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं म.प्र.राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर द्वारा जारी आदेशानुसार प्रिंसिपल जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष श्री अजय प्रकाश मिश्र के मार्गदर्शन में जिला न्यायालय परिसर में आज 04 मई को रक्तदान शिविर आयोजित किया जा रहा है। इस शिविर का उद्देश्य जरूरतमंद लोगों को रक्त उपलब्ध कराना एवं उनकी जान की रक्षा करना है। जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव श्री धर्मेश भट्ट ने बताया प्रायः यह देखने में आता है कि कई लोगों को जरूरत के समय रक्त उपलब्ध नहीं होने के कारण उन्हें अपनी जान गवानीं पड़ती है, इसलिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है, जिससे ब्लड बैंकों में रक्त की आपूर्ति की जा सके और जरूरतमंद लोगों को समय पर रक्त उपलब्ध हो सके। जिला विधिक सहायता अधिकारी रजनीश चैरसिया ने सभी अधिवक्तागण, न्यायालयीन कर्मचारीगण, पैरालीगल वालेंटियर्स, महाविद्यालयीन छात्र, गैर सामाजिक संगठन के सदस्य से रक्तदान शिविर में रक्तदान कर पुनीत कार्य में सहभागी होने की अपील की है।

## एक आरोपी पर ईनाम घोषित

**दमोह।** पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी ने दमोह जिले के 01 प्रकरण में फरार आरोपी पर 01 हजार रूपये का ईनाम घोषित किया है। पुलिस अधीक्षक श्री सोमवंशी ने प्रकरणों की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुये जिले के थाना रनेह के अपराध क्रमांक 26/2024 धारा 34-(2) आबकारी एक्ट तहत फरार आरोपी रामपाल बुन्देला पिता नारायण सिंह बुन्देला उम्र 39 वर्ष निवासी ग्राम बिजवार रनेह जिला दमोह पर 01 हजार रूपये का इनाम घोषित किया है। पुलिस अधीक्षक श्री सोमवंशी ने जानकारी दी है कि उक्त मामलों में जो कोई व्यक्ति/ कर्मचारी/ अधिकारी फरार आरोपियों को गिरफ्तार करेगा या करायेगा या ऐसी उपयुक्त सूचना देगा जिससे फरार आरोपियों की गिरफ्तारी संभव हो सकेगी, ऐसे व्यक्ति को नगद पुरूस्कार से पुरूस्कृत किया जायेगा। उक्त ईनाम प्रदान करने के संबंध में पुलिस अधीक्षक का निर्णय अंतिम होगा।

## खनिज विभाग द्वारा की गई कार्रवाई, दो ट्रक जप्त

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत खनिज दल द्वारा 30 अप्रैल 2024 को बोल्डर खनिज का दर्ज मात्रा से अधिक का परिवहन करते 01 ट्रक जप्त कर बटियागढ़ थाना में रखा गया। इसी प्रकार गिट्टी का 01 डम्पर अवैध परिवहन करते हुए जप्त कर थाना तारादेही में रखा गया। प्रकरण में मध्य प्रदेश खनिज नियम 2022 के तहत 1 लाख 52 हजार 396 रूपये की शास्ति अधिरोपित कर अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

### एसडीएम व स्वास्थ्य विभाग की टीम ने की कार्यवाही

# झोलाछाप डॉक्टर की क्लीनिक पर हो रही छापामार कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



कलेक्टर श्री सुधीर कुमार कोचर द्वारा समूचे क्षेत्र में लोगों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ कर रहे झोलाछाप डॉक्टरों की क्लिनिकों पर कार्यवाही करने एसडीएम व स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया जिससे नगर व गांव-गांव में मकड़ जल की तरह फैले झोलाछाप डॉक्टरों मैं हड़कंप की स्थितियां बनी हुई है। जहां शुक्रवार को एसडीएम राकेश मरकाम तहसीलदार प्रवीण त्रिपाठी एवं बीएमओ डॉ यूएस पटेल की संयुक्त टीम ने हिनौता काफी लंबे समय से अस्पताल संचालित कर रहे जागेश्वर साहू की क्लीनिक पर अचानक छापामार कार्यवाही की गई। अवैध रूप से हिनौता में संचालित की जा रही जागेश्वर नाथ अस्पताल के झोलाछाप डॉक्टर पर पर की गई कार्यवाही के संबंध में एसडीएम राकेश मरकाम ने बताया कि हिनौता में अवैध रूप से संचालित क्लीनिक की शिकायत दमोह हेल्पलाइन नंबर पर किये जाने के निराकरण करने कलेक्टर के निर्देशानुसार कार्यवाही की गई जहां पर संबंधित के पास से किसी भी प्रकार के अस्पताल संचालित करने के किसी भी प्रकार के बैध दस्तावेज एवं डिग्री नहीं पायी गई साथ ही अस्पताल में विभिन्न प्रकार की एलोपैथिक दवाइयां भी काफी मात्रा में पाई गई जिसे जप्तकर पंचनामा कार्यवाही की गई एवं संबंधित संतोष साहू के विरुद्ध कार्यवाही हेतु सक्षम न्यायालय में दस्तावेज प्रस्तुत किये जायेंगे।

### विगत वर्ष फर्जी अस्पताल को सील कर की गई थी एफआईआर

उल्लेखनीय है कि विगत वर्ष पूर्व भी इसी फर्जी एमबीबीएस संतोष साहू की जागेश्वर नाथ अस्पताल पर राजस्व एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा इसी प्रकार छापा मार कार्यवाही कर क्लीनिक को सील कर बीएमओ द्वारा पुलिस थाना में एफआईआर दर्ज कराई गई थी लेकिन उसके बावजूद भी अधिकारियों द्वारा सील की गई क्लीनिक को कैसे खोलकर पुनः बेखौफ होकर धड़ल्ले से अस्पताल संचालित की जा रही जो एक प्रश्न चिन्ह है।जबकि इसी अवैध कारोबार के सामने ही उपस्वास्थ्य केंद्र संचालित है जहां पर रोजाना सरकारी डॉक्टरों सहित स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों का आना-जाना रहता है लेकिन इस अवैध अस्पताल पर दोबारा नजर न पड़ना भी सवालों की घेरे में है। हिनोता में एसडीएम तहसीलदार व बीएमओ द्वारा संयुक्त रूप से झोलाछाप डॉक्टर की क्लीनिक पर की गई कार्यवाही से हटा विकासखंड क्षेत्र के गांव-गांव में कई वर्षों से डेरा जमाए बंगाली डॉक्टरों व अन्य मुन्ना भाई डॉक्टरों में हड़कंप की स्थिति बनी हुई है।

## वन सुरक्षा श्रमिक की सड़क हादसे में मौत

**मड़ियादो।** रजपुरा चौरईया मार्ग पर गुरुवार देर रात हुए सड़क हादसे में वन सुरक्षा श्रमिक की घटना स्थल पर मौत होने की घटना सामने आई है। अल सुबह सड़क से कुछ दूर बाइक और शव देखकर राहगीरों द्वारा पुलिस को सूचना दी गई। जानकारी के अनुसार बफरजोन मडियादो के चौरईया केम्प में पदस्थ वन सुरक्षा श्रमिक राजकुमार यादव उम्र 30 वर्ष निवासी वर्धा की मनकपुरा गांव में सड़क हादसे में दुःखद मौत हो गई। बताया जा रहा की मृतक श्रमिक बफरजोन के जंगलों में लगी आग को बुझाकर वापिस कैम्प चोरईया लौट रहा था। सुरक्षा श्रमिक अकेला बाइक से आ रहा था और देर रात बाइक अनियंत्रित होने से हादसे का शिकार हो गया । शुक्रवार सुबह घटना की सूचना के बाद रजपुरा थाना पुलिस और वनपरिक्षेत्र अधिकारी हृदेश हरि भार्गव बफरजोन अमले के साथ घटनास्थल पँहुचे । शव पंचनामा कार्यवाही कर पी एम के लिए सिविल अस्पताल हटा भिजवाया गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया गया है।

# लोकायुक्त ने 3500 की रिश्वत लेते खरीदी केंद्र प्रभारी को पकड़ा



दमोह जिले की पटेरा क्षेत्र में संचालित गेहूं उपार्जन केंद्र में सागर लोकायुक्त की दस्तक के साथ हड़कंप के की बनते देर नहीं लगी। लोकायुक्त टीम ने यहां पर ट्रेप कार्यवाही करके केंद्र प्रभारी को 3500 रुपए की रिश्वत लेते हुए पकड़ने के बाद में भ्रष्टाचार अधिनियम की धारा 7 के तहत कार्रवाई की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता किसान प्रकाश पटेल निवासी ग्राम महूना तहसील पटेरा जिला दमोह ने सागर लोकायुक्त एसपी के समक्ष पेश होकर लिखित शिकायत की थी। जिसमें बताया गया था कि हरि सिंह ठाकुर गेहूं उपार्जन केंद्र प्रभारी पटेरा के द्वारा उनके गेहूं तुलाई के बदले में 25 रुपए प्रति क्विंटल की दर से रिश्वत की मांग की जा रही है। शिकायत की पुष्टि किए जाने के बाद में शुक्रवार को पटेरा की मुस्कान वेयरहाउस पहुंची लोकायुक्त टीम ने अपना जाल बिछाया और जैसे ही केंद्र प्रभारी हरि सिंह ठाकुर ने किसान प्रकाश पटेल से 3500 रुपए की रिश्वत ली तो लोकल पुलिस ने पकड़ने में देर नहीं की। सागर लोकायुक्त की टीम ने यह कार्यवाही निरीक्षक अभिषेक वर्मा के नेतृत्व में की जबकि ट्रैप दल मे निरीक्षक के पी एस बेन, लोकायुक्त स्टॉप एवम स्वतंत्र पंच साक्षीगण शामिल रहे।

# सहायक जिला अभियोजन अधिकारी बने आकर्ष मिश्रा



जबेरा। नगर के आकर्ष मिश्रा सहायक जिला अभियोजन अधिकारी बनने के बाद पहली बार गृह नगर आने पर स्वागत किया गया। आकर्ष मिश्रा बस स्टैंड से होते हुए सिद्ध पीठ, भगवान नरसिंह देवालय, खेर माता मंदिर, राधा कृष्ण मंदिर में इसके तत्पश्चात जबेरा नगर की प्रतिभा आकर्ष मिश्रा को उनके घर तक छोड़ने के लिए नगर वासियों की मौजूदगी रही व स्वागत जुलूस निकाला गया। ब्राह्मण समाज के पदाधिकारी नगर वासियों ने कहा आकर्ष मिश्रा ने जो मुकाम हासिल किया है वो केवल मिश्रा परिवार को ही नहीं पूरे जबेरा नगर को गौरवान्वित किया है। शिक्षक के पिता देवेंद्र मिश्रा ने कहा कि आज आकर्ष ने जो पद प्राप्त किया, उससे हमारे परिवार ही नहीं पूरे जबेरा नगर में खुशी की लहर है। आने युवा पीढ़ी को इससे प्रेरणा लेकर आगे बढ़ने का संकल्प लेना चाहिए।

## झोलाछाप डॉक्टरों पर हो निष्पक्ष कार्यवाही

**पथरिया।** जिलें में जिला कलेक्टर के निर्देश पर झोलाछाप डॉक्टरों पर कार्यवाही की जा रही है जिसके लिए जिला प्रशासन द्वारा नंबर भी जारी किया गया। विगत दिवस गुरुवार को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व व स्वास्थ्य विभाग की टीम ने पथरिया के ग्राम मेहलवारा में डॉक्टर देवीप्रसाद पटेल व 2-3 निजी क्लीनिक पर छापामार कार्यवाही की। वही शुक्रवार को दमोह रोड पर पटेल अस्पताल डां.नंदलाल पटेल की यहां तहसीलदार व स्वास्थ्य विभाग की टीम पहुंची और कार्यवाही की गई लेकिन सोचने वाली बात है कि नगर में चहुंओर प्रमुख सड़कों पर डाक्टर में अपने आप को विशेषज्ञ समझ कर बैठे है जिन पर वर्षों से राजनैतिक संरक्षण होने से उन पर कोई ध्यान नही दिया जाता। जहां प्रतिदिन अधिकारी स्वयं गुजरते है। अप डाउन मार्ग से पर एकाध पर कार्यवाही वाकि पर मेहरबानी समझ से परे है। जिला प्रशासन ने अब जो मुहिम चलाई है उनसे अब कितना सुधार हो पायेगा या फिर राजनैतिक संरक्षण व मिली भगत से फिर यथावत संचालित होती रहेगी यह चर्चा का विषय बना हुआ है।

## नगर पालिका पेंशनर संघ के चुनाव संपन्न

**दमोह।** नगर पालिका पेंशनर संघ दमोह के चुनाव संपन्न हुए वही द्वारका प्रसाद सेन अध्यक्ष नगर पालिका पेंशनर संघ दमोह द्वारा बताया गया कि दिनांक 1 मई 2024 दिन बुधवार को नगर पालिका पेंशनर संघ दमोह के चुनाव नगर पालिका टाउन हॉल स्थित शिव मंदिर प्रांगण में संपन्न हुई, जिसमें सर्व सहमति से पुनः द्वारका प्रसाद सेन को संघ का अध्यक्ष एवं जगदीश यादव को संघ का सचिव सर्व सहमति से चुना गया। इस अवसर पर सभी उपस्थित सदस्यों द्वारा नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं सचिव का तिलक लगाकर पुष्प हार से स्वागत किया। वह उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। अंत मैं इमदाद हुसैन कोषाध्यक्ष द्वारा सभी सदस्यों का आभार व्यक्त कर सभा का समापन किया गया।

# देर से दरवाजा खोलने पर शराबी बेटे ने मां को बंधक बनाकर की मारपीट

### बुजुर्ग महिला ने मारपीट से बचने छत से लगाई छलांग, गंभीर हालत में सिविल अस्पताल में कराया भर्ती, प्रताड़ना के बाद भी नहीं की रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा



कहावत है हैं कि पूत कपूत हो सकता है लेकिन माता कभी कुमाता नहीं होती यह कहावत उपकाशी में गुरुवार की रात्रि चरितार्थ होते दिखी गई जिसे पढ़कर आप भी हैरत हो जाएंगे कि घटना में अत्यधिक मारपीट सहने के बाद छत से कूदकर मौत के मुंह में चले जाने के बाद भी मां का मातृत्व कम नहीं हुआ यहां तक दुखी मां ने अपने दरिंदें बेटे की रिपोर्ट लिखवाने से भी मना कर दिया। दरअसल घटना नगर के बालाजी वार्ड की है जहां एक 58 साल की बुजुर्ग मां अपने बेटे के साथ रहती है उसका बेटा आलोक अरोरा कई वर्षों से शराब का आदी है गुरुवार की देर रात रोजाना की तरह घर पहुंचा और दरवाजे खटखटाना लगा तो मां को दरवाजे खोलने में कुछ देर हो गई तो शराबी बेटे का गुस्सा आसमान पर पहुंचा और कलयुगी बेटे ने अपनी मां को कमरे में बंद जमकर मारपीट की जैसे ही कुछ देर में उसे मौका मिला तो उसने अपनी जान बचाने के चक्कर में दूसरी मंजिल से नीचे छलांग लगा दी गनीमत रही कि मकान के बीचों बीच टीन सेट लगा हुआ था तो वह टीन आड़ मैं सीधे नीचे नहीं गिरी जिससे उसकी जान बच गई और वह गंभीर रूप से घायल हो गई घटना में शोरगुल की आवाज सुनकर आज पड़ोस के लोग पहुंच गए और पुलिस को सूचना दे दी इसके उपरांत घायल महिला को सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां प्राथमिक उपचार उपरांत हालत गंभीर होने पर उसे जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया। अस्पताल में पहुंची पुलिस के द्वारा पीड़ित महिला की वयान दर्ज किए गए 4 पुलिस द्वारा रिपोर्ट लिखवाने के लिए कहा गया लेकिन दुखी पीड़ित मैन अपने बेटे के खिलाफ रिपोर्ट लिखने के लिए मना कर दिया।

# मुनि श्री सुधा सागर जी के सानिध्य में सहस्त्रनाम विधान शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह




जागेश्वर धाम बांदकपुर की पावन धरा पर विराजमान जैन परंपरा के महान संत पूज्य निर्यापक पुगंव मुनि श्री 108 सुधा सागर जी महाराज की मंगल प्रेरणा और आशीर्वाद से बांदकपुर में श्री पारसनाथ धाम के नाम से एक भव्य जैन तीर्थ पाषाण का मंदिर बनने जा रहा है। जिले की पूरी जैन समाज में भारी उत्साह है। बांदकपुर की छोटी सी जैन समाज के प्रत्येक घर से बढ़-चढ़कर तन मन धन से सहयोग दिया जा रहा है। आज मंदिर निर्माण के अगले चरण में चार दिवसीय सहस्त्रनाम विधान का आयोजन पुंगव मुनि श्री सुधा सागर जी के सानिध्य में व आशीर्वाद से प्रतिष्ठाचार्य प्रदीप भैया अशोकनगर वालों की मार्गदर्शन में 3 मई से 6 मई तक हो रहा है। जिसमें सौधर्म इंद्र सुनीता सुनील डबुल्या, कुबेर सुलेखा प्रदीप डबुल्या, महायज्ञानायक प्रियंका संजय जैन पिपरिया वाली, ध्वजारोहण करता रेखा संजय डबुल्या अरिहंत, महापात्र बने। ध्वजारोहण के पश्चात मंदिर जी से घट यात्रा प्रारंभ हुई। घट यात्रा की समाप्ति पर मंडप सुध्दी पात्र शुद्धि के साथ विधान प्रारंभ हुआ। आज महाराज श्री को सागर की ओर बिहार करने के लिए सागर समाज के सभी मंदिरों के अध्यक्ष व सकल दिगंबर जैन समाज सागर के अध्यक्ष मुकेश जैन ढाना के साथ सभी लोगों ने मुनि श्री को श्रीफल अर्पण कल अर्पण कर निवेदन किया। आज मुनि श्री के आहार राजकुमार जैन सुनील जैन सन्मति परिवार के चौक में हुए। आज शंका समाधान में बड़ी संख्या में भक्तों ने अपनी-अपनी शंका पूछ कर मुनि श्री से शंका का समाधान प्राप्त किया।

## बोर खनन की सूचना मिलने पर की कार्यवाही

**मड़ियादो।** रजपुरा और मडियादो थाना क्षेत्र कई गांव में बिना अनुमति लिए बोर खनन किए जा रहे है । कलेक्टर दमोह द्वारा अनुमति लिए बिना बोर खनन करने पर रोक के बाबजूद मशीनों द्वारा बोर खनन जारी है। हाल में कलेक्टर दमोह को मडियादो क्षेत्र से बोर मशीन द्वारा बोर किए जाने की सूचना सोशल मीडिया के माध्यम से दी गई थी । कलेक्टर दमोह के निर्देश और एसडीएम हटा राकेश मरकाम के नेतृत्व में नायब तहसीलदार मडियादो शिवराम चढ़ार द्वारा राजस्व अमले महेंद्र पटेल, दीपक गोस्वामी सहित अन्य के साथ मडियादो थाना क्षेत्र के मुहरई गांव में अवैध रूप से बोर खनन करते बोरिंग मशीन पकड़ी ।यह कार्यवाही नायब तहसीलदार शिवराम चढ़ार ने राजस्व अमले के साथ गुरुवार देर रात मौके पर पंहुचकर कार्यवाही करते हुए मड़यादो थाना पुलिस को मौके पर बुलाया । कार्यवाही बोरिंग मशीन मालिक के सुपुर्द कर कार्यवाही पूरी की गई है। इस संबंध में नायब तहसीलदार शिवराम चढ़ार ने बताया की सूचना मिलने पर मुहरई गांव में पहुंचे जहा एक बोरिंग मशीन बोर कर रही थी। मौके पर मडियादो पुलिस को बुलाकर पंचनामा जब्ती आदि कार्यवाही कर मशीन मालिक को सुपुर्दनामे पर दी गई है। वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराकर कार्यवाही की जा रही है।



### आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मौजा दमोह खास बजरिया वार्ड नं. 06, पटवारी हल्का नंबर 16/31 तहसील व जिला दमोह स्थित खसरा क्रमांक 1423/11/1 रकवा 0.464 हे. मे से रकवा 0.121, की भूमि जिसके पूर्व दिशा में हीरालाल पटैल की जमीन, पश्चिम बायपास रोड, उत्तर दिशा में सरकारी कच्चा रास्ता एंव दक्षिण में 15 फुट चौड़ा रास्ता, हीरालाल पटेल की जमीन स्थित है, भूमि के अंशधारक व स्वामी हीरालाल पटैल बल्द द्वारका प्रसाद पटैल साकिन पुराना बाजार नं. 01 दमोह से क्रय करने का पंजीकृत करार हमारे पक्षकार शाहिद कुरैशी बल्द बहीद कुरैशी साकिन बजरिया नं. 07 ने दिनांक 22/06/2023 को किया था उक्त विक्रय करार में हीरालाल पटेल के द्वारा हमारे पक्षकार से ब्याना की रकम भी प्राप्त की गई थी, शेष रकम सौदे की वक्त रजिस्ट्री लेकर विक्रय पत्र पंजीकरण 21/06/2024 तक करने का वादा भी आम सूचनाकर्ता से किया गया था, हमारे सायल ने हीरालाल पटैल को दिनांक 10/04/2024 को एंव दिनांक 24/04/2024 को उपपंजीयक कार्यालय दमोह के समक्ष विक्रयपत्र निष्पादन को बुलाया था और शेष राशि लेकर विक्रयपत्र पंजीयन को कहा था परंतु वह उक्त दिनांको को निर्देश अनुसार उपस्थित नही रहा, और आमसूचनाकर्ता को विश्वस्त सूत्रों से यह ज्ञात हुआ है कि हीरालाल पटेल और अधिक राशि के लोभ व लालच में हमारे सायल से तयशुदा भूमि का विक्रय अनयत्र करने की फिराक में है, और इसलियें बेईमानी करने के आशय से स्थानीय स्तर पर अनेकों दलालों से संपर्क कर रहा है और हमारे सायल से तयशुदा भूमि खुर्दबुर्द करने सक्रिय है, और चोरीछिपे भूमि विक्रय करने त्वरित गति से विक्रय संविदा/करार/विलेख आदि निष्पादन को प्रयासरत है। पंजीकृत इकरारनामा के अनुसार हीरालाल पटेल के द्वारा ब्याना स्वीकार कर विक्रय पत्र निष्पादन में कोई हीलाहवाली किये जाने पर तयशुदा भूमि का विक्रयपत्र न्यायालय के मार्फत कराये जाने की शर्त मुकर्रर है। ऐसे में हीरालाल पटैल के द्वारा वर्णित भूमि के किसी अंश का विक्रय किसी अन्य को कर पाने का कोई अधिकार नहीं है, और यदि किया जाता है तो वह सर्वथा अवैधानिक व गैरकानूनी होगा। अतः जो भी व्यक्ति अथवा संस्था उक्त संपत्ति के क्रय करने प्रयासरत है जरिए आम सूचनापत्र प्रकाशन के ताकीद किया जा रहा है कि उपरोक्त वर्णित संपत्ति संबंध में ऐसा कोई सौदा या करार हीरालाल पटैल या उनकी और से किसी भी व्यक्ति से न करें, यदि उपरोक्त वर्णित भूमि संबंध में कोई विक्रय करार/सौदा या विलेख निष्पादित होता है तो वह अवैधानिक, शून्य व निष्प्रभावी होगा।

सूचनाकर्ता – शाहिद कुरैशी बल्द वहींद कुरैशी निवासी बजरिया नं. 07 दमोह जिला दमोह म.प्र.

दमोह/दिनांक : 02/05/2024

वास्ते सूचनाकर्ता

सिंघई अभिषेक कुम्बर जैन (अधिवक्ता)

मो 9406568223,9584577811

# मुनि श्री प्रमाण सागर जी की हुई भव्य अगवानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



समाधीष्ट आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य मुनि श्री प्रमाण सागर जी महाराज के साथ मुनि श्री निर्वेग सागर जी मुनि श्री विराट सागर जी मुनि श्री संधान सागर जी मुनि श्री निसंग सागर जी के दमोह नगर आगमन पर जैन समाज के साथ जैनत्तर गणमान्य व्यक्तियों ने भव्य अगवानी की इसमें पुरुष और महिलाओं के साथ-साथ युवा वर्ग की बहुत बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। मुनि सघ ने हिंडोरिया से पद बिहार करते हुए करैया हाजरी में रात्रि विश्राम करने के पश्चात प्रातः काल 5:30 बजे दमोह के लिए प्रस्थान किया। समन्ना गढ़ी मोहल्ला पुराना थाना घंटाघर से होते हुए जुलूस दिगंबर जैन धर्म शाला पहुंचा। अनेक स्थानों पर मुनि श्री के पद प्रक्षरण के साथ आरती उतारी गई जैन धर्मशाला में मुनि श्री के पद प्रक्षालन का सौभाग्य अभय बनगांव परिवार को प्राप्त हुआ। आचार्य श्री की पूजन के पश्चात मुनि श्री के मंगल प्रवचन हुए सभा के प्रारंभ में मुनि श्री विराट सागर जी महाराज ने अपने मंगल प्रवचन में कहा कि मुनिश्री प्रमाण सागर जी महाराज के हर शब्द में प्रमाणिकता होती है उनका मेरे जीवन पर बहुत उपकार है जिसे कभी विस्मृति नहीं किया जा सकता उनसे मैंने अपने जीवन में काफी कुछ सीखा है इसके पश्चात मुनि श्री प्रमाण सागर जी महाराज ने अपने मंगल उद्बोधन में कहा कि गुरु कितने बड़े हैं यह महत्व नहीं रखता बल्कि हमारी श्रद्धा कितनी बड़ी है यह महत्व की बात है क्योंकि हमारी श्रद्धा ही गुरु को बड़ा बनाती है अर्जुन को गुरु द्रोणाचार्य का वह लाभ नहीं मिला जो लाभ श्रद्धा के बल पर एकलव्य ने प्राप्त कर लिया गुरु हमारे हृदय की बेदी पर विराजमान होने चाहिए। श्रद्धा का तत्व अंतिम सांस तक बना रहना चाहिए श्रद्धा की ज्योति को सदैव जागृत रखना चाहिए गुरु की बातों को समझना एवं एक दूसरे को समझना आवश्यक है मोक्ष मार्ग आत्मा की समझ है अपने स्वरूप की एवं आपसी समझ को बनाकर रखें जहां समझ है वहां आनंद है आज जरूरत विवेक की है आवेग में विवेक नष्ट हो जाता है बहुत लोग अतिरेक और अतिरंजन के बहाव में बहुत कुछ नष्ट कर देते हैं सही समझ से काम ले तो सही नतीजे पर पहुंचते हैं धुँआ उड़ने का समय नहीं है धुँआ की जगह सुगंध फैलाओ हम आपके हैं आप हमारे हैं जीवन का मूल मंत्र बना के रखना चाहिए यह मंत्र हर जगह कार्य करता है टीम के साथ हो तो ताकत बढ़ जाती है अकेले ताकत कम हो जाती है हमें केवल टीम की बात करनी है गुरु के प्रति समर्पण हमें लक्ष्य की ओर आगे ले जाता हमारा लक्ष्य गुरु के नाम को और गुरु के काम को आगे बढ़ना है। प्रवचन के पश्चात जैन धर्मशाला से मुनि संघ आहार चर्या के लिए निकला। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में श्रावक जन मुनिराजों की एक झलक देखने को आतुर बने रहे। सबसे पहले मुनि श्री प्रमाण सागर जी का पड़गाहन करने का सौभाग्य अभय बनगाव परिवार ने प्राप्त किया। इसे बाद वह अपने निवास पर मुनिश्री को ले गए। जहा नवधा भक्ति पूर्वक मुनिश्री को आहार कराने का सौभाग्य अभय बनगाव परिवार ने प्राप्त किया।

# तीन दिन हुई ग्रीष्मकालीन गिद्ध गणना में टाइगर रिजर्व में पाए गए 492 गिद्ध



**तेन्दूखेड़ा।** जिले के वनांचल क्षेत्र में तीन दिनी ग्रीष्मकालीन गिद्ध गणना संपन्न हुई है। टाइगर रिजर्व सहित जिले के चार वन मंडल में 29 अप्रैल से शुरू होकर 1 मई तक गिद्ध गणना चली। जिसमें 872 स्थानीय गिद्ध मिले हैं। इसमें सबसे ज्यादा 492 गिद्ध वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व क्षेत्र में मिले हैं। अधिकारियों का कहना है कि गिद्धों की संख्या में लगातार हो रही बढ़ोतरी से अब मृत पशुओं के कारण फैलने वाली बीमारियों से निजात मिलेगी। पोषण चक्र भी पूरा होगा। वन अमले ने सूर्योदय के बाद सुबह 8 बजे तक एक ही प्वाइंट पर तीन बार जाकर गिद्धों की गणना की है। हर दिन प्वाइंट पर गिद्धों की अलग-अलग संख्या मिली है। फरवरी में की गई शीतकालीन गणना के दौरान टाइगर रिजर्व सहित दमोह में गणना की गई थी। शीतकालीन गणना के समय नौरादेही में गिद्धों की संख्या 592 थी, जबकि अप्रैल व मई में हुई गणना में यह संख्या 492 आई है। इसके अलावा अन्य मंडलों में भी पिछली गणना की अपेक्षा गिद्धों की संख्या कम आई है। चूंकि गिद्ध लंबी दूरी तक उड़ान भर सकते हैं। लिहाजा इनके अन्य जंगलों में चले जाने की संभावना है। टाइगर रिजर्व मुख्य वन संरक्षक अनिल के सिंह का कहना है कि टाइगर रिजर्व सहित सागर और दमोह वन क्षेत्र में अनुकूल वातावरण मिलने से गिद्धों की आबादी तेजी से बढ़ रही है।

### शीतकालीन गणना में मिले थे 1266 गिद्ध

वन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार इसके पहले फरवरी में हुई गिद्ध गणना में दमोह व सागर के वन मंडल में कुल 1266 गिद्ध मिले थे। उसमें बाहरी यानी हिमालय से आने वाले गिद्ध भी शामिल थे लेकिन इस बार की गई गिद्ध गणना का मुख्य उद्देश्य स्थानीय गिद्धों की स्थिति पता करना था। चूंकि गर्मी शुरू होते ही हिमालय से आए गिद्ध चले गए हैं। इस हिसाब से देखा जाए तो चारों वन मंडल में पिछली बार की तुलना में 394 गिद्ध कम हुए हैं, जिन्हें बाहरी माना जा रहा है।

### उम्मीद से ज्यादा संख्या

टाइगर रिजर्व उपसंचालक एवं सह गणना प्रभारी डॉ. एए अंसारी ने बताया कि तीन दिन चली गणना में उम्मीद से ज्यादा गिद्धों की संख्या मिली है। हिमालय से आने वाले गिद्धों के बाद हुई इस गणना से यह समझ आया है कि गिद्धों की संख्या बढ़ रही है। ग्रीष्मकालीन गणना में 492 गिद्ध पाए गए हैं। वहीं शीतकालीन गणना में 592 गिद्ध पाए गए थे।